डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचलएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया भाद्रपद शुक्ल पक्ष प्रतिपदा- 2082 भोपाल,दिन रविवार,दिनांक 24 अगस्त 2025

न्यूज गैलरी

आधारः ऑनलाइन अपॉइंटमेंट का ट्रेंड, दोनों बड़े केंद्रों पर स्लॉट फुल

भोपाल । भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के दोनों बड़े आधार सेवा केंद्रों पर इन रहे हैं। यह संख्या दोनों केंद्रों के ऑनलाइन स्लॉट की पूरी क्षमता के बराबर है। अधिकारी बताते हैं कि लंबे अरसे बाद इन आधार सेवा केंद्रों पर यह स्थिति बनी है। लोग 48 घंटे पहले बुकिंग करवा रहे हैं। समग्र आईडी, अपार आईडी, सैलरी और पेंशन के लिए सर्विस बुक के डेटा अपडेशन के लिए लोग आधार अपडेट करवाने पहुंच रहे हैं। प्राधिकरण के ये सेंटर एमपी नगर जोन वन में मल्टी लेवल पार्किंग के पास और होशंगाबाद रोड शॉपिंग मॉल के फर्स्ट फ्लोर पर स्थित है।

रीवा-महू के बीच साप्ताहिक फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन चलेगी

भोपाल। त्योहारों के सीजन को ध्यान में रखते हुए रेलवे द्वारा रीवा से डॉ. आंबेडकर नगर (महू) और वापस रीवा के बीच साप्ताहिक फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया गया है। यह ट्रेन 27 सितंबर से 25 अक्टूबर तक प्रत्येक शनिवार और रविवार को कुल 5-5 फेरे लगाएगी। ट्रेन 01704 (रीवा से डॉ. आंबेडकर नगर) हर शनिवार रात 10.20 बजे रीवा से चलेगी और अगले दिन सुबह 8रु40 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुंचेगी। इसके बाद भोपाल जंक्शन (9 बजे) और संत हिरदाराम नगर (9.33 बजे) से होकर दोपहर 3.05 बजे डॉ. आंबेडकर नगर पहुंचेगी।

मप्र के नए जिलाध्यक्षों को आज संघर्ष के गुर सिखाएंगे राहुल गांधी

भोपाल । लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी रविवार को मप्र कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त 71 जिला अध्यक्षों से दिल्ली में चर्चा करेंगे। गुना जिलाध्यक्ष और पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह को छोड़कर शेष सभी जिलाध्यक्ष दिल्ली पहुंच चुके हैं। शनिवार शाम को मप्र कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी और पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने इस पर बात की। रविवार को राहुल गांधी सभी संघर्ष विषय पर चर्चा करेंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिलाध्यक्षों को राहुल गांधी के साथ केसी जिलाध्यक्षों से जनता के लिए जमीनी वेणुगोपाल, हरीश चौधरी, जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार संबोधित करेंगे।

कल जबलपुर आएंगे भाजपा अध्यक्ष नड्डा

भोपाल । भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा 25 अगस्त को जबलपुर आएंगे। नड्डा इस दिन जबलपुर में चार संभागों के जिला व प्रदेश पदाधिकारी के साथ संवाद करेंगे। इनमें जबलपुर रीवा, शहडोल और सागर संभाग शामिल है। 25 अगस्त को नड्डा जबलपुर में ही रहेंगे और स्थानीय कार्यक्रमों में भी हिस्सा लेंगे।

उज्जैन में 27 को स्पिरिचुअल कॉन्क्लेव

भोपाल। 27 अगस्त को महाकाल की नगरी उज्जैन में ग्लोबल स्पिरिचुअल कॉन्क्लेव आयोजित होगी। इसमें काशी विश्वनाथ और महाकाल जैसे मंदिरों में भीड़ प्रबंधन पर चर्चा होगी। उज्जैन में 2028 में होने वाले सिंहस्थ महाकुंभ की तैयारियों को लेकर बड़े होटल समूह, एयरलाइंस और मंदिरों के लिए काम करने वाली टेक कंपनियां भी शामिल होंगी।

मप्र की बड़ी सौगात **ग्रीनफील्ड हाईवे की डीपीआर दिसंबर तक तैयार होगी, अप्रैल 26 से काम**

केंद्रीय मंत्री गडकरी का ऐलान... ग्रीनफील्ड हाईवे की डीपीआर दिसंबर तक तैयार होगी, अप्रैल 26 से काम

डीआर संवाददाता» भोपाल

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को जबलपुर में प्रदेश को दो बड़े तोहफे दिए। मध्यप्रदेश में 5,500 करोड़ की लागत से चार टाइगर रिजर्व कान्हा, बांधवगढ़, पन्ना और पेंच को जोड़ने वाला फोर लेन कॉरिडोर बनाया जाएगा। वहीं, भोपाल जबलपुर के बीच 255 किमी लंबा ग्रीनफील्ड हाईवे भी तैयार होगा। इस पर करीब 15,000 करोड़ रुपए खर्च होंगे।। यह हाईवे 8 लेन का होगा, लेकिन भविष्य में इसे 4 लेन और बढ़ाने की सुविधा रहेगी।

ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे पर वाहन 120 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ सकेंगे। अभी भोपाल से जबलपुर का सफर 5 घंटे का है, जो एक्सप्रेस-वे बनने के बाद घटकर 3 घंटे का रह जाएगा। यह नया रास्ता बस्ती वाले इलाकों से अलग निकाला जाएगा, जिससे शहरों के ट्रैफिक से जाम नहीं लगेगा। एक्सप्रेस-वे पूरी तरह नई और अविकसित भूमि (ग्रीनफील्ड) पर बनेगा। इससे जमीन अधिग्रहण की लागत भी कम होगी और निर्माण जल्दी होगा। गडकरी ने बताया कि प्रोजेक्ट की डीपीआर दिसंबर तक तैयार हो जाएगी। अगर प्रदेश सरकार तेजी से जमीन अधिग्रहण कर ले तो काम अगले साल अप्रैल से शुरू हो सकता है।

दो बड़े शहरों से जुड़ेगा भोपाल, इंदौर के लिए एक्सप्रेस-वे घोषित हो चुका

भोपाल-इंदौर के बीच 107 किमी ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे पहले ही घोषित हो चुका है। इस पर करीब 12,000 करोड़ की लागत आएगी। यह मौजूदा स्टेट हाईवे से पूरी तरह अलग मार्ग होगा। इसके किनारे 6 इंडस्ट्रियल कॉरिडोर और हाटपिपल्या में लॉजिस्टिक एक्सपोर्ट प्रस्तावित है।

60 हजार करोड़ से अधिक के रोड प्रोजेक्ट्स की घोषणा

केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी के प्रबंधन का चमत्कार है कि वे देश के अधोसंरचना विकास के लिए कभी पैसे की कमी नहीं होने देते हैं मुख्यमंत्री डॉ. यादव मध्यप्रदेश सीधे विशाखापट्टनम बंदरगाह से जुड़ेगा भोपाल से इंदौर 160 किमी ग्रीनफील्ड कॉरिडोर की भी स्वीकृति प्रदेश में 2100 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे हैं 7 रोप-वे रोड नेटवर्क की तरह परिवहन के साधन भी होंगे विकासशील प्रदेश के लिए स्वीकृत हैं 3 लाख करोड़ रुपए की सड़क परियोजनाएं हाईड्रोजन भविष्य का ईंधन है, इससे हमारे अन्नदाता अब ऊर्जादाता भी बनेंगे हमारा सपना, गांव के युवा को गांव में ही मिले रोजगार जबलपुर को मिली 4250 करोड़ रुपए से अधिक की 9 सड़क परियोजनाओं की सौगात

प्रदेश में सबसे ज्यादा 785 बाघ, पर्यटन और रोजगार बढ़ाएगा

टाइगर कॉरिडोर के जरिये कान्हा, पेंच, बांधवगढ़ और पन्ना टाइगर रिजर्व को आपस में जोड़ा जाएगा। इससे न न केवल पर्यटन बढ़ेगा बल्कि रोजगार और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। 2022 की गणना के मुताबिक, मध्यप्रदेश में 785 बाघ हैं, जो देश में सबसे ज्यादा है। गडकरी ने बताया कि इस कॉरिडोर की शुरुआती लागत 4,600 करोड़ थी, जो बढ़कर अब 5,500 करोड़ हो गई है। यह महाकौशल को पर्यटन हब के रूप में विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

सीएम बोले- जनता की दसों उंगलियां घी में हैं

प्रदेश के लिए कुल 1.60 लाख करोड़ रु. की योजनाओं की घोषणा की गई। इनमें से 9 सड़क परियोजनाएं हैं। इस पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा- प्रदेश की जनता, खासकर महाकौशल की जनता की दसों उंगलियां घी में हैं और सिर कढ़ाही में है।इ कार्यक्रम में पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह, डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल भी थे।

---

4 मंदिरों से सोना-चांदी चुराने वाले दो गिरफ्तार

डीआर संवाददाता» भोपाल

शहर के मंदिरों को निशाना बनाकर दानपेटी और सोने-चांदी का सामान चोरी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को शाहपुरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने शाहपुरा के रोहित नगर और पल्लवी नगर के अलावा ईंटखेड़ी और विदिशा में मंदिरों के ताले तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। दो सूने घरों से सामान के साथ आरोपी बाइक और एक्टिवा भी चोरी करके ले गए थे। पुलिस ने करीब 4 लाख रुपए का माल बरामद किया है। चार अगस्त को रोहित नगर फेस-02 निवासी भागवत प्रसाद गुप्ता की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज किया गया था। गुप्ता ने बताया कि सुबह 6 बजे दुर्गा मंदिर का चैनल गेट और ताला टूटा मिला। अंदर दानपेटी और सीसीटीवी डीवीआर गायब थे। अज्ञात चोर ताला तोड़कर चोरी कर ले गए। शाहपुरा पुलिस ने नकबजनी का मामला दर्ज किया और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज के आधार पर 22 अगस्त को दानापानी फार्म हाउस गड्ढे वाली झुग्गी के पास ग्राम नयापुरा निवासी रेहान उर्फ शोएब और ग्राम बगरोदा निवासी अमीन को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आरोपियों ने रोहित नगर फेस-02 दुर्गा मंदिर में चोरी करना कबूल किया। दानपेटी में लगभग 20 हजार रुपए थे, 16 हजार रुपए खर्च कर 4 हजार रुपए आपस में बांट लिए। पुलिस ने आरोपियों की बाइक, चोरी किया डीवीआर और अन्य सामान जब्त किया। आरोपियों ने 25 जुलाई को पल्लवी नगर शिव दुर्गा मंदिर, 12 अगस्त को ईंटखेड़ी ग्राम जगदीशपुरा के राम जानकी हनुमान मंदिर, 14 अगस्त को रातीबड़ में सूने मकान और 17 अगस्त को विदिशा के दुर्गा मंदिर से भी चोरी की। उन्होंने चांदी के आभूषण, तांबे के नाग, छत्र, दानपेटी, नगदी, डीवीआर, एक्टिवा स्कूटर और बाइक चुराई। पुलिस ने माल बरामद कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है।

यूको बैंक में नकली सोना गिरवी रखा 25

डीआर संवाददाता» भोपाल

भोपाल में यूको बैंक की 4 शाखाओं से नकली सोना गिरवी रखकर करीब 25 करोड़ के लोन लेने का मामला सामने आया है। सीबीआई ने 9 मई को एफआईआर दर्ज की थी, जबकि शिकायत उसे मार्च 2025 में मिली थी।

एफआईआर में बैंक के लिए लिस्टेड शहर की 3 वैल्यूअर फर्म्स और उनके मालिकों को नामजद किया गया है, वहीं कुछ अज्ञात बैंक कर्मचारियों की भूमिका पर भी संदेह है। जांच में सामने आया कि इन वैल्यूअर फर्म्स ने 296 फर्जी गोल्ड लोन में गिरवी रखे नकली सोने को असली बताकर सर्टिफिकेट जारी किए, जिसके आधार पर बैंक ने करोड़ों के लोन पास कर दिए। यूको बैंक भोपाल के डीजीएम लोकेश कुमार बोले- यूको बैंक की 4 ब्रांच से लिए गए गोल्ड लोन के मामले में सीबीआई ने एफआईआर दर्ज कर ली है। जिम्मेदारी तय होते ही संबंधितों को चार्ज शीट जारी करेंगे।

किस शाखा में घोटला

लालघाटी 121 केस 10 करोड़
पिपलानी 92 केस 8.25 करोड़
मारवाड़ी 73 केस 6.50 करोड़
गुलमोहर 10 केस 45 लाख

येहैवैल्यूअर फर्म्स . .

एफआईआर में वैल्यूअर फर्म्स दीपक सोनी (सौभाग्य ज्वेलर्स), संदीप सोनी (कंचन ज्वेलर्स) व दीपक सोनी (गौरी आभूषण) को नामजद किया गया है।

पेट्रोल पंप पर हेलमेट को लेकर विवाद, परेशान कर्मचारियों ने काम किया बंद

डीआर संवाददाता» भोपाल

बिना हेलमेट के पेट्रोल नहीं देने पर हबीबगंज स्थित अरेरा पेट्रोल पंप पर विवाद हो गया। ग्राहक और पेट्रोल पंप कर्मचारियों के बीच विवाद मारपीट तक पहुंच गया। नाराज कर्मचारियों ने काम बंद कर दिया। पेट्रोल पंप संचालक आर. के. कपूर ने बताया कि एक ग्राहक ने अपना हेलमेट दूसरे ग्राहक को दे दिया। इस पर कर्मचारियों ने एतराज जताया और कहा कि यह नियमविरुद्ध है। इसको लेकर विवाद हो गया। दोनों पक्ष थाने पहुंच गए। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा-बुझा दिया। इसके बाद कार्रवाई विवाद होने के बाद अरेरा पेट्रोल पंप पर कर्मचारियों ने काम बंद कर दिया।

कपूर ने कहा कि रोजाना होने वाली ऐसी घटनाओं से वे परेशान हो गए हैं। ऐसे कारोबार करना मुश्किल हो गया है। है। हम नियमों का पालन कर रहे हैं और प्रशासन कोई सुरक्षा नहीं दे रहा पेट्रोल पंप संचालक एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि इस तरह नियमों का पालन करने पर विवाद और मारपीट हो, इससे बेहतर है कि हम व्यवसाय बंद कर दें। जिला फूड कंट्रोलर चंद्रभान सिंह जादौन ने कहा कि वे विवाद की जानकारी ले रहे हैं।

लव जिहाद, दुष्कर्म के 3 मामलों में सुनवाई

डीआर संवाददाता» भोपाल

राजधानी में लव जिहाद, दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग मामले में शनिवार को सुनवाई हुई। तीनों मामलों की सुनवाई विशेष न्यायाधीश (ओएडब्ल्यू) नीलू संजीव श्रृंगीऋषि की कोर्ट में हुई। इस दौरान आरोपी फरहान की ओर से पैरवी कर रहे एडवोकेट जगदीश गुप्ता ने कोर्ट में में आवेदन दिया कि तीनों मामलों की सुनवाई अलग-अलग दिन की जाए। एक दिन में में एक ही आरोपी के खिलाफ तीन मामलों में विचारण संभव नहीं है। हालांकि, कोर्ट ने इन तीनों मामलों की सुनवाई सोमवार के लिए तय की है। सोमवार को तीनों मामलों में आरोप तय होने पर बहस होगी। इस दौरान आरोपियों द्वारा लव जिहाद, यानी असली धार्मिक पहचान छिपाना, और दुष्कर्म के आरोपों पर बहस होगी।

वीडियो-फोटोग्राफी 4 की कॉपी नहीं मिलेगी फरहान की ओर से लगाए गए वीडियो और फोटोग्राफी की पेनड्राइव की कॉपी दिलाए जाने के आवेदन पर फैसला हुआ।

हल्की बारिश के आसार भोपाल... रात में आधा इंच बारिश

डीआर संवाददाता» भोपाल

राजधानी में शनिवार को दिनभर रुक-रुककर रिमझिम फुहारें पड़ती रहीं। रात 8.30 बजे तक 40 मिमी बारिश दर्ज हुई। इसके बाद रात 9 से रात 11रु30 बजे के बीच शहर के कुछ इलाकों में तेज बारिश हुई। मौसम केंद्र के मुताबिक, डेढ़ घंटे में आधा इंच बारिश हुई। भोपाल में रविवार को हल्की बारिश के आसार हैं। मौसम केंद्र के मुताबिक, 28 से 31 अगस्त तक तेज बारिश हो सकती है। भोपाल में अब तक कुल 795.4 [illegible] मिमी बारिश हुई है, जो सामान्य से 8.1 मिमी कम है।

उत्तराखंडः आधी रात को बाढ़, घरों में मलबा

गोपेश्वर उत्तराखंड में 18 दिन में दूसरी बार तबाही आई है। इस बार चमोली जिले के थराली में रातभर हुई भारी बारिश के बाद बाढ़ आ गई। इसमें कई घर, बाजार मलबे से भर गए। लोग जान बचाने के लिए सड़कों पर भागे। एक युवती की मौत हो गई, जबकि एक अन्य लापता है। घटना उस वक्त हुई, जब पूरा थराली नींद में था। बता दें कि बीते पांच अगस्त को उत्तरकाशी जिले के धराली में भारी बारिश के बाद आपदा आई थी, जिसमें 65 लोग अब भी लापता हैं।

तहसीलदार 6 हजार पेंडिंग मामले निपटा रहे, नहीं तो लगेगा जुर्माना

डीआर संवाददाता» भोपाल

न्यायिक और गैर-न्यायिक विभाजन से नाराज तहसीलदार और नायब तहसीलदार हड़ताल के बाद काम पर लौट आए हैं। उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती पेंडिंग हो चुके 6,000 केसों को निपटाने की है। यह इसलिए भी जरूरी है क्योंकि बहुत सारे जमीन से संबंधित केस लोक सेवा केंद्रों के तहत दर्ज होते हैं।

यदि समय पर केसों का समाधान नहीं हुआ, तो अफसरों के खिलाफ 250 रुपए प्रति दिन जुर्माना लगाने का प्रावधान है। कई अफसर ऐसे भी हैं जो पेंडिंग केसों को निपटाने के लिए छुट्टी के दिन भी दफ्तर पहुंच रहे हैं। मप्र राजस्व अधिकारी (कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा) संघ के अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान का कहना है कि पेंडिंग केसों को निपटाने का काम चल रहा है। राजधानी में रोजाना नामांतरण, सीमांकन, फौती नामांतरण, बंटवारा, मूल निवासी, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, ईडब्ल्यूएस सहित करीब 500 केस आते हैं।

निवेश क्रिटिकल मिनरल, मिनरल एक्सप्लोरेशन और रिमोट सेंसिंग पर हुए तीन एमओयू

कट्नी माइनिंग कॉन्क्लेव में मप्र को मिले 56 हजार करोड़ से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव

डीआर संवाददाता» भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कटनी में खनिजों का अपार भंडार है। यहां अब क्रिटिकल और माइनर मिनरल्स भी मिल रहे हैं। जैसे पन्ना में हीरे मिलते हैं, वैसे ही कटनी में भी सोना मिल सकता है। उन्होंने यह बात शनिवार को कटनी में आयोजित माइनिंग कॉन्क्लेव 2.0 के दौरान कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 25 अगस्त को कटनी को एक बड़ी सौगात दी जाएगी। कॉन्क्लेव के दौरान मध्यप्रदेश सरकार को खनन क्षेत्र में 56,414 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। ये प्रस्ताव देश की विभिन्न 8 माइनिंग कंपनियों की ओर से आए हैं। मुख्यमंत्री ने इसे प्रदेश की बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि मध्यप्रदेश खनिज संसाधनों की दृष्टि से देश में अग्रणी रहा है। अब प्रदेश को ग्माइनिंग स्टेटग के रूप में विकसित किया जाएगा।

माइनिंग सेक्टर के 3 एमओयू

माइनिंग कॉन्क्लेव में डॉ. पद्मेश्वर सिंह, एचओडी क्रिटिकल मिनरल्स, बिराजी दास, डायरेक्टर एक्सआरएमएसटीएल, प्रिंक गोयल, ए डायरेक्टर एवं जीडीएम एमपी स्टेट माइनिंग कॉरपोरेशन और प्रमुख सचिव उमाकांत उमराव ने एमओयू का आदान-प्रदान किया। खनन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, आईओटी, ब्लॉक चेन, रिमोट सेंसिंग के उपयोग के संबंध में धनबाद की टेक्समिन आईएसएम के साथ और खनिज अन्वेषण अनुसंधान के लिए भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान भोपाल के साथ भी एमओयू साइन हुआ।

सायना ग्रुप का 3900 करोड़ का निवेश प्रस्ताव, दो प्लांट लगेंगे

कॉन्क्लेव में सायना ग्रुप के वाइस चेयरमैन यश पाठक ने 3900 करोड़ रुपए के दो प्र रुपए के दो प्रोजेक्ट्स का प्रस्ताव दिया। पहला, कटनी और जबलपुर की सीमा पर 3200 करोड़ से आयरन ओर वाशिंग और बेनिफिशियरी प्लांट लगाया जाएगा। दूसरा, डिंडोरी में बॉक्साइट अयस्क को परिष्कृत करने के लिए 700 करोड़ का प्लांट प्रस्तावित है। पाठक ने बताया कि इन दोनों परियोजनाओं से करीब 2000 लोगों को प्रत्यक्ष और 7000 लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा।

निवेशकों से सीधा संवाद

कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री ने देश-विदेश के निवेशकों से वर्चुअल बात चीत की। कोलकाता के राजीव मुंद्रा, श्रीलंका के जेपी अग्रवाल और दिल्ली के विवेक भाटिया से उन्होंने सीधे संवाद किया। विवेक भाटिया ने बताया कि सीआईआई से जुड़ी 100 से अधिक माइनिंग कंपनियां मध्यप्रदेश में निवेश की संभावनाएं देख रही हैं। वहीं, श्रीलंका से चैटिन ने कहा कि क्रिटिकल मिनरल्स देश के लिए बेहद महत्वपूर्ण है और मप्र में इनकी भरपूर उपलब्धता है।

आवास संघ के तत्कालीन अध्यक्ष सहित छह को 3-3 साल की सजा

डीआर संवाददाता» भोपाल

सांठगांठ कर फर्जी तरीके से आवास संघ से लोन दिलाने के छह आरोपियों को विशेष न्यायाधीश (ईओडब्ल्यू) मनोज कुमार सिंह ने तीन-तीन साल की सजा सुनाई है। 22 साल पुराने इस मामले में कोर्ट ने 14 साल के ट्रायल के बाद फैसला सुनाया है। आरोपियों ने घटना को 1995 से 2000 के बीच अंजाम दिया था। उन्होंने तथाकथित 106 सदस्यों को मकान बनाने के लिए 85 लाख 60 हजार रुपए का लोन फर्जी तरीके से दिया था।

जांच में पाया गया कि जिन मकानों के लिए लोन दिया गया,उनका निर्माण नहीं किया गया। वहीं, 85 लाख 60 हजार रुपए का घोटाला कर दिया गया।

इस मामले में ईओडब्ल्यू ने मध्य प्रदेश राज्य सहकारी आवास संघ के तत्कालीन अध्यक्ष हिफजुर्रहमान, क्षेत्रीय अधिकारी भोपाल संभाग अरुण कुमार मेहरा, उपयंत्री राजेश दुबे समेत कर्मचारी जोहरा बी, राजेश श्रीवास्तव और नासिरुद्दीन को आरोपी बनाया था। इस मामले में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक डॉ. राम कुमार खत्री ने पैरवी की है। वर्ष 2003 में ईओडब्ल्यू में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जांच में पाया गया कि आरोपियों द्वारा अपराध किया गया है।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर भाद्रपद शुक्ल पक्ष प्रतिपदा- 2082 सीहोर, दिन रविवार, दिनांक 24 अगस्त 2025

न्यूज गैलरी

माध्यमिक शिक्षक भर्ती परिणाम अटक

सीहोर। अप्रैल 2025 में आयोजित माध्यमिक शिक्षक चयन परीक्षा का परिणाम अभी तक घोषित नही हो पाया है। परीक्षा को चार महीने से अधिक समय बीत चुका है। 20 से 29 अप्रैल के बीच परीक्षा कराई गई। लेकिन न तो लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) और न ही कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) ने अब तक वेबसाइट पर कोई अपडेट दिया है। ईएसबी अधिकारियो के अनुसार, चयन सूची तैयार करने के लिए बनाए गए नियमो को कुछ उम्मीदवारो ने हाईकोर्ट में चुनौती दी है। कोर्ट ने इस पर स्टे ऑर्डर दिया है, जिसकी वजह से परिणाम रोक दिए गए है।

फोटोयुक्त मतदाता सूची का पुनरीक्षण जारी

सीहोर। नगरीय निकायो की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। पुनरीक्षण 1 जनवरी 2025 की संदर्भ तारीख के आधार पर होगा। जिन नगरीय निकायो की मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य उप निर्वाचन वर्ष 2025 पूर्वार्ध के लिए हो चुका है, उनके लिए यह लागू नही होगा। फोटोयुक्त मतदाता सूची का अंतिम रजिस्ट्रीकरण, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और प्रकाशन 13 नवंबर को होगा। मास्टर ट्रेनर्स की नियुक्ति तथा जिला स्तरीय प्रशिक्षण 25 अगस्त तक होगा।

टीम ने की जांच, एक मेडिकल दुकान सील

सीहोर। नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार, मेडिकलो से विक्रय होने वाली दवाओ और मेडिकल दुकानों पर अनियमितताओं की रोकथाम के उद्देश्य से निरीक्षण दल इन दुकानों की जांच कर रहा है। जिले के बकतरा क्षेत्र स्थित मेडिकल दुकानो का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल ने आराध्य मेडिकल, उपकार मेडिकल, नैतिक मेडिकल, शिवांगी मेडिकल, सुहानी मेडिकल और न्यू सौम्या मेडिकल दुकानो की जांच की। इस दौरान, जांच दल ने मेडिकल दुकानों में साफ-सफाई, दवाओं के क्रय-विक्रय रिकॉर्ड, एक्सपायर्ड दवाओं का रख-रखाव और प्रतिबंधित दवाओं के विक्रय आदि की जांच की। जांच के दौरान, नैतिक मेडिकल स्टोर द्वारा क्रय-विक्रय की जानकारी सहित वैध दस्तावेज प्रस्तुत नही किए गए। जानकारी नही देने पर इस मेडिकल दुकान को सील कर दिया गया।

प्रवेश के लिए पहले आओ पहले पाओ

सीहोर। शासकीय आईटीआई में एनसीवीटी एवं एससीवीटी के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए सीटीएस की प्रवेश फीस 2 किस्तो में जमा की जा सकेगी। प्राचार्य पीएस उइके ने बताया प्रवेश के लिए वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन 2025 पर जाकर पहले आओ पहले पाओ राउंड हेतु च्वाइस फिलिंग कर सकेंगे।

उर्मिला देवी मंगरोलिया शिक्षक पंच तंत्र में विलीन

सीहोर। मनोहर मंगरोलिया की पत्नी उर्मिला देवी मंगरोलिया, हरिराम मंगरोलिया की बड़ी बहू, अशोक मंगरोलिया की भाभी और वेणु मंगरोलिया की माता के निधन पर मुरली श्मशान घाट में शोकसभा का आयोजन कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर जाटव समाज पंचायत द्वारा दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी।

बदहाल सड़क तहसील - जिला मुख्यालय की एफडीआर पद्धति की सड़क दूबिस्सात में गड्ढों से हाल बेहाल

सड़क पर आवागमन मुश्किल, दो पहिया वाहन चालक गिरकर हो रहे घायल

डीआर संवाददाता» सीहोर

प्रदेश में एफडीआर तकनीक से बनी पहली "सीहोर श्यामपुर सड़क" लोगों की परेशानी का सबब बन गई है। जिस सड़क को विभाग ने "दस साल तक खराब न होने" का दावा करते हुए प्रदेश में मॉडल बताया था, वही सड़क महज एक-दो साल में ही खस्ताहाल हो गई। जगह-जगह गहरे गड्ढे पड़ चुके हैं। पैचवर्क भी बारिश के सामने टिक नही पाया। नतीजा यह है कि रोजाना इस मार्ग पर सफर करने वाले लोगों को हादसों का सामना करना पड़ रहा है। दोपहिया वाहन चालक तो आए दिन गिरकर घायल हो रहे हैं।

रूपए 30 करोड़ की लागत, फिर भी बदहाल"

यह सड़क वर्ष 2023 में लगभग "30 करोड़ रुपए की लागत" से बनाई गई थी। करीब 24 किलोमीटर लंबे इस मार्ग को प्रदेश में पहली बार "एफडीआर (फुल डेप्थ रिक्लेमेशन)" तकनीक से तैयार किया गया था। निर्माण के समय विभाग ने बड़े-बड़े दावे किए थे। कहा गया था कि इस तकनीक से बनी सड़क पर कम-से-कम "दस साल तक किसी तरह की दरार या गड्ढे नहीं होंगे।" लेकिन, हकीकत इससे उलट निकली।

गड्ढों ने बिगाड़ा हाल

सड़क बनने के कुछ ही महीनों बाद जगह-जगह गड्ढे उभर आए। विभाग ने बारिश के पहले इन गड्ढों को भरने के लिए "पैचवर्क" कराया, लेकिन उसका भी कोई असर नहीं हुआ। बरसात शुरू होते ही पैचवर्क उखड़ गया और सड़क फिर गड्ढों में बदल गई। अब हाल यह है कि सीहोर से श्यामपुर तक का सफर लोगों के लिए जोखिम भरा हो गया है।

लोगों में गुस्सा, उठे सवाल

गांव-गांव में सड़क को लेकर लोगों में आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि करोड़ों रुपए खर्च होने के बावजूद सड़क टिक नहीं पाई। अब सवाल यह उठ रहा है कि आखिर "एफडीआर तकनीक के नाम पर इतना खर्च क्यों किया गया, जब नतीजा वैसा ही निकला जैसा सामान्य निर्माण में होता है?"

कचनारिया निवासी धान सिंह गौर कहते हैं, "सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हैं। कई बार मोटरसाइकिल लेकर गिर चुके हैं। विभाग ने सिर्फ दिखावा किया है।" वहीं सीहोर के मोहल्ला निवासी एक व्यापारी ने कहा, "यह सड़क रोजाना लोगों को जोड़ने वाला बड़ा मार्ग है, लेकिन इसकी हालत देख कर लगता है जैसे कोई कच्चा रास्ता हो। करोड़ों खर्च कहां गए, यह जांच का विषय है।"

आवागमन हुआ मुश्किल, हादसे बढ़े"

गड्ढों की वजह से खासकर "दोपहिया वाहन चालक" परेशानी में हैं। कई बार वाहन का संतुलन बिगड़ने से लोग सड़क पर गिर जाते हैं और गंभीर चोटिल हो जाते हैं। रोजाना इस मार्ग पर सैकड़ों छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं, जिससे हादसे का खतरा और बढ़ गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर सफर करना अब "जान जोखिम में डालने" जैसा है।

जिम्मेदारों पर सवाल, जांच की मांग

लोगों ने विभाग और ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है। सामाजिक कार्यकर्ता का कहना है कि सड़क निर्माण के समय तकनीक की खूबियों का प्रचार किया गया था। अखबारों और पोस्टरों में दावा किया गया कि यह सड़क एक "मॉडल प्रोजेक्ट" होगी। लेकिन, अगर एक साल में ही सड़क टूट जाए तो यह सीधा भ्रष्टाचार और लापरवाही का मामला है।

लोगों को उम्मीद, सरकार ले कदम"

स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकार को इस मामले को गंभीरता से लेना चाहिए। करोड़ों की लागत वाली सड़क अगर कुछ ही महीनों में गड्ढों में बदल जाए तो यह जनता के पैसे की बर्बादी है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द सुधारात्मक कदम नहीं उठाए

विभाग की सफाई

सड़क निर्माण विभाग का कहना है कि गड्ढों को लेकर टीम भेजी गई है। अधिकारी दावा कर रहे हैं कि बारिश थमने के बाद फिर से "रिपेयरिंग का काम" कराया जाएगा। हालांकि, लोग इसे विभाग की औपचारिकता मान रहे हैं। उनका कहना है कि पहले भी पैचवर्क के नाम पर खानापूर्ति की गई थी, जिसका कोई फायदा नहीं हुआ।

कृषि अधिकारी मकि पर पहुचे और समस्या को सुन लिया ज्ञपन

फसल बीमा कम आने से गुस्साए किसान कर रहे जल सत्याग्रह

डीआर संवाददाता» सीहोर

सीहोर फसल बीमा की कम राशि खातो में आने से गुस्साए किसान जल सत्याग्रह कर रहे हैं। इस आंदोलन के पांचवें दिन कृषि विभाग मौके पर पहुंचा और किसानो की समस्या सुनी। इसके बाद किसानो ने प्रधानमंत्री, केंद्रीय कृषि मंत्री और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। किसान और समाजसेवी एमएस मेवाड़ा ने बताया कि किसान इसलिए फसल बीमा कराता है ताकि नुकसान होने पर मुआवजा राशि मिल सके। लेकिन इस बार जो फसल बीमा की राशि आई, वह किसी किसान को 100 रुपए, किसी को 250, तो कुछ को 1100 रुपए मिली। यह किसानो के साथ अन्याय है। जब बीमा की प्रीमियम राशि पूरी जमा की जाती है, तो फिर नुकसान होने पर मुआवजा राशि इतनी कम क्यों ?

पानी में खड़े होकर अधिकारियों को दिया ज्ञापन शनिवार को भी किसान अलग-अलग जगहो पर जल सत्याग्रह कर रहे थे। कृषि विभाग के वरिष्ठ विकासखंड अधिकारी कमल सिंह ठाकुर ठाकुर नेने । किसानो से बीमा राशि की मांग का ज्ञापन लेते हुए आश्वासन दिया कि हम आपकी मांग शासन को भेजेंगे। पानी में खड़े होकर नारेबाजी के दौरान अधिकारी भी पानी के अंदर गए और फिर किसानो ने उन्हें ज्ञापन दिया।

एडीआर भवन के सभाकक्ष मेंपर्यावरण क्षरण के संबंध में हुई कार्यशाला

डीआर संवाददाता» सीहोर

सीहोर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा पर्यावरण संबंधी अधिनियम, नियम, प्रदूषण के प्रभाव और पर्यावरण क्षरण के संबंध में एडीआर भवन के सभाकक्ष में कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में प्रधान जिला न्यायाधीश और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र आर्य ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पंच-ज तत्वों का संतुलन आवश्यक है। जीवन जीने के - तरीके में सुधार करना भी आवश्यक है। यदि हम मानव सभ्यता को जीवित रखना चाहते हैं, तो पर्यावरण संरक्षण ही एकमात्र विकल्प है। कार्यशाला में प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय वैभव मंडलोई ने भी पर्यावरण संरक्षण संबंधी कानूनों पर जानकारी दी। कार्यशाला में विशेष न्यायाधीश हेमंत जोशी, जिला न्यायाधीश संजय गोयल, न्यायाधीश स्मृतासिंह ठाकुर, एमके वर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनीता गुप्ता, न्यायाधीश दीपेंद्र मालू आदि मौजूद थे।

खेर की लकड़ी के साथ वाहन जब्त, तीन गिरफ्तार

डीआर संवाददाता» आष्टा

वन परिक्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले सिद्दीकगंज की बीट में बीती रात काफी मशक्कत करने के बाद खेर की लकड़ी से भरे वाहन सहित तीनों आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। इसके लिए वन विभाग की टीम को आरोपियों के वाहन को पकड़ने के लिए कई दूर तक पीछा करना पड़ा। तब कहीं जाकर आरोपी पकड़ में आ सके। बता दें कि धरमपुरी जोड़ से श्यामपुरा मार्ग पर पिकअप वाहन में अवैध रूप से खेर की लकड़ी का अवैध परिवहन किया जा रहा था। सूचना पर पहुंचे वन विभाग के अमले को देख आरोपी तेज गति से वाहन को दौड़ा कर लगातार भागने की प्रयास कर रहा था। दूसरी ओर

फिल्मी स्टाइल में रेंजर और उनकी टीम ने पीछा किया। जब चारों ओर से वाहन चालक घिरता नजर आया तो वाहन को खड़ा कर भागने का प्रयास किया। रेंजर व उनके अधीनस्थ डिप्टी रेंजर वन रक्षक ने आखिरकार तीन आरोपियों को धर दबोचा और आष्टा वन डिपो लाया गया। जहां जांच करने पर आरोपियों से जब्त वाहन में खेर की लकड़ी पाई गई। नगर के इतिहास में पहली बार खेर की लकड़ी बड़ी मात्रा में वाहन सहित जब्त की साथ में तीन आरोपियों को भी गिफ्तार किया गया।

नवोदय विद्यालय में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया

डीआर संवाददाता» श्यामपुर

कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के छात्र मास्टर हर्षित चंद्रवंशी तथा मास्टर कृष्णा दास एवं आदित्य चंद्रवंशी द्वारा पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया रिया शर्मा द्वारा भारत के अभी तक किए गए अंतरिक्ष कार्यक्रमों तथा भविष्य में प्रस्तावित अंतरिक्ष कार्यक्रमों पर अपने उद्बोधन में प्रकाश डाला गया तत्पश्चात विद्यालय की कक्षा ग्यारहवीं 11वीं के छात्र एवं छात्राओं राधा वर्मा रिया पाटीदार ,कुमारी समीक्षा ,कुमारी रितु ,मास्टर नितिन चौहान ,मास्टर जयराज वर्मा द्वारा नाटक के माध्यम से चंद्रयान-3 के सफल लैंडिंग कार्यक्रम पर प्रस्तुति दी गई तत्पश्चात सृष्टि शर्मा एवं श्रद्धा मीणा द्वारा भी अपने उद्बोधन में चंद्रमा मिशन पर प्रकाश डाला गया । उसके उपरांत विद्यालय के भौतिक शिक्षक नरेश मिश्रा द्वारा एनसीईआरटी द्वारा इस अवसर पर विशेष रूप से तैयार किए गए विशेष मॉड्यूल की जानकारी अपने शिक्षक की चर्चा पर प्रस्तुत की,और एनसीईआरटी द्वारा इस अवसर पर विशेष रूप से तैयार किए गए वीडियो चंद्रयान उत्सव विशेष मॉड्यूल का प्रस्तुतीकरण किया गया।तद मास्टर राजवीर सिंह राठौड़ एवं अन्य छात्रों द्वारा इस अवसर पर तैयार तैयार किए गए मॉडल का प्रस्तुतीकरण किया गया।

कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा वंदना वर्मा द्वारा किया गया तथा धन्यवाद प्रस्ताव मास्टर विशाल तंवर द्वारा दिया गया।कार्यक्रम को तैयार करवाने में एवं सफल आयोजन करवाने में विद्यालय के शिक्षकों डॉ रजनी मिश्र,अजय गुप्ता आरती प्रजापति, साकेत गुप्ता एवं श्याम सुंदर भट्ट की विशेष भूमिका रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की उप प्राचार्य रीता खत्री द्वारा की गई उन्होंने अपने उद्बोधन में अंतरिक्ष की खोज के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय के छात्रों को इस क्षेत्र में रुचि जागृत करने तथा कार्य करने का आवाहन किया तथा विद्यालय के छात्रों एवं शिक्षकों को कार्यक्रम के सफल एवं उत्कृष्ट आयोजन पर बधाई दी

विद्यालय में नई शिक्षा नीति पर शिक्षक संगोष्ठी हुई

डीआर संवाददाता» सीहोर

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को नई शिक्षा नीति पर शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसका विषय शिक्षण संस्थाओं में शैक्षिक नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर बीईओ दीपा कीर ने कहा कि जिले के सभी चयनित शिक्षकों ने शिक्षक संगोष्ठी प्रतियोगिता में शानदार व्याख्यान दिया। कार्यक्रम की अध्यक्ष और जिला समन्वयक प्राचार्य सुनीता जैन ने कहा कि शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विभिन्न आयामों से परिचित कराना और भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना था। वहीं विशेष अतिथि के रूप में आवासीय खेलकूद संस्थान के प्राचार्य आलोक शर्मा ने कहा कि शिक्षक संगोष्ठी में उपस्थित छात्रों को सोचने, समझने और समस्याओं को रचनात्मक तरीके से हल करने में सक्षम बनाना है।

नई शिक्षा नीति की गुणवत्ता को स्पष्ट किया। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के अंकुर शर्मा ने नवाचार, रचनात्मकता को स्पष्ट करते हुए बताया कि भगवान श्री कृष्ण ने अपने गुरु, आचार्य सांदीपनि से 64 कलाओं कोनई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में आने वाली चुनौतियों पर विचारसंगोष्ठी में नई शिक्षा नीति के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई, जिसमें शिक्षा को अधिक समग्र, बहु-विषयक और व्यावसायिक बनाने पर जोर दिया गया। साथ ही शिक्षकों ने नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में आने वाली चुनौतियों पर भी विचार किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर खुशबू राठौर, बास उमावि, चरनाल और संजय श्रीवास्तव, सांदीपनि विद्यालय भैरुंदा को विजेता घोषित किया। अब दोनों विजेता राज्य स्तर पर प्रतिस्पर्धा करेंगे।

मौसम : शहर में बौछार युक्त बारिश से दिन और रात के तापमान में सिर्फ 3 डिग्री का अंतर

17 किमीप्रघंटेसे चल रही हवा, इसलिए तेज बारिश नहीं

डीआर संवाददाता» सीहोर

बारिश के लिए सिस्टम एक्टिव है और अंचल में घने बादल भी छाए हुए हैं। लेकिन 18 किमी रफ्तार से हवा चलने के कारण बादल ठहर नही रहे है और बौछार युक्त बारिश हो रही है।खास बात यह है कि तेज रफ्तार हवा के कारण दिन और रात के तापमान में मात्र 3 डिग्री का ही अंतर बचा है। शनिवार को अधिकतम तापमान 26 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं अब तक जिले में 765.4 मिमी औसत बारिश दर्ज हुई है, जो पिछले साल से बहुत कम है। इस सातामा अबर तथा है, वही है कि जिले में मात्र 765.4 मिमी औसत बारिश रिकार्ड हुई है। लेकिन जिले की सामान्य औसत बारिश 1143.4 मिमी मानी गई है है , इसलिए अब तक की बारिश बहुत कम है। इन दिनों मौसम विभाग ने भारी से अति भारी बारिश की संभावना जताई थी। बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया था, लेकिन हकीकत यह है कि इन दिनों हवा की रफ्तार सामान्य से बहुत ज्यादा है। शनिवार को ही 18 किमी प्रति घंटे के रफ्तार से हवा चली। जिसके कारण बादल स्थिर नहीं हो पा रहे है और बौछार युक्त बारिश हो रही है। हालांकि मौसम विभाग ने अभी भी हवा की रफ्तार कम हुई तो तेज बारिश का दौर शुरू होगा।

पिछले साल इछावर में हुई थी सबसे ज्यादा बारिश

पिछले साल जिले के इछावर क्षेत्र में सबसे ज्यादा 1011.5 मिमी बारिश रिकार्ड हुई थी। लेकिन इस साल इछावर में मात्र 773.3 मिमी ही बारिश हुई। जिले के अन्य ब्लॉक पर नजर डाले तो पिछले साल सीहोर में 960.8 मिमी, श्यामपुर में 822.5 मिमी, आष्टा में 785 मिमी, जावर में 531 मिमी बारिश हुई थी। इस साल सीहोर में 758.4 मिमी, श्यामपुर में 720.9 मिमी, आष्टा में 619 मिमी और जावर में मात्र 528.2 मिमी बारिश रिकार्ड हुई है।

पिछले साल नर्मदा क्षेत्र में कम हुई थी बारिश, इस बार ज्यादा

जिले में अभी सामान्य औसत से बहुत कम बारिश लेकिन लेकिन इस बार बारिश का ट्रेंड तेज बारिश रिकार्ड हुई है।

एक मेडिकल दुकान को किया गया सील

डीआर संवाददाता» सीहोर

नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार मेडिकलो से विक्रय होने वाले वाली दवाओ एवं मेडिकल दुकानो पर अनियमितताओं की रोकथाम के उद्देश्य से निरीक्षण दल द्वारा जिले के ग्राम बकतरा क्षेत्र स्थित मेडिकल दुकानो का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण दल द्वारा आराध्य मेडिकल, उपकार मेडिकल, नैतिक मेडिकल, शिवांगी मेडिकल, सुहानी मेडिकल एवं न्यू सौम्या मेडिकल दुकानो का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जांच दल द्वारा मेडिकल दुकानो में साफ सफाई, दवाओ के क्रय-विक्रय रिकॉर्ड, एक्सपायर्ड दवाओं का रख-रखाव तथा प्रतिबंधित दवाओ के विक्रय आदि की जांच की गई।

जांच के दौरान नैतिक मेडिकल स्टोर द्वारा क्रय विक्रय की जानकारी सहित वैध दस्तावेज प्रस्तुत नही किए गए। जानकारी नहीं देने पर इस मेडिकल दुकान को सील कर दिया गया है।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर भाद्रपद शुक्ल पक्ष प्रतिपदा- 2082 सीहोर,,दिन रविवार,दिनांक 24 अगस्त 2025

न्यूज गैलरी

शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं त्यौहार ,गोड़

सीहोर।गोपालपुर थाने मे शनिवार को शांति समिति की बैठक हुई, इसमे क्षेत्र के कई लोग शामिल हुए। बैठक मे थाना प्रभारी महेंद्र सिंह गोड़ ने कहा कि त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाए। गणेश उत्सव के लिए सही जगह का चुनाव करे व बिजली का लीगल कनेक्शन ले। पंडाल मे हमेशा एक आदमी उपस्थित रहे। गणेश प्रतिमा मिट्टी की बनाए ताकि वह विसर्जन के बाद पानी मे घुल जाए और इससे प्रकार का नुकसान नहीं हो। हम अगर प्लास्टर ऑफ पेरिस से मूर्ति बनाते है, तो वह पानी मे नहीं घुलता है।

न्यायालय परिसर में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया

आष्टा। प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक से सेवा प्राधिकरण सीहोर के निर्देशन मे विजय डांगी जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा ने समिति के द्वारा न्यायालय प्रांगण आष्टा मे विधिक साक्षरता शिविर के अंतर्गत स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया। शनिवार को आयोजित शिविर मे 1 120 लोगों के ब्लड प्रेशर, शुगर न व 20 लोगों का रक्त परीक्षण किया गया। न्यायाधीश श्री डांगी ने कहा कि सभी को अपने स्वास्थ्य संबंधी परीक्षण व डॉक्टर का परामर्श समय समय पर लेना चाहिए। इस अवसर पर न्यायाधीश नदीम जावेद खान, न्यायाधीश ऋचा जैन, न्यायाधीश ऋचा शर्मा व अभिभावक संघ आष्टा अध्यक्ष कृपाल सिंह ठाकुर, सचिव कुलदीप शर्मा, उपाध्यक्ष लक्ष्मणलाल खंडारे, अभिभाषक संघ के सदस्य, स्वास्थ्य विभाग के डॉ हरीश परमार, विनोद विश्वकर्मा मौजूद थे।

सिविल हॉस्पिटल में हुआ टिपिकल अपेंडिक्साइट्स का ऑपरेशन

आष्टा। नगर का सिविल अस्पताल जो आए दिन अपनी अव्यवस्थाओं के चलते सुर्खियों मे बना रहता है। वही अब युवा डॉक्टरों की नियुक्ति होने के साथ ही सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहे हैं। जहा शनिवार को एक व्यक्ति का अपेंडिक्साइट्स ऑपरेशन सफलता पूर्वक किया गया। सिविल हॉस्पिटल मे संतोष दमाडिया का सफलता पूर्वक अपेंडिक्स का ऑपरेशन किया गया। युवक 3 अस्पतालों से निराश होकर सिविल अस्पताल आष्टा मे आया था। जब पता चला कि युवक को अपेंडिक्स है तो डॉ अमित माथुर मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी की टीम जिसमे डॉ भूपेन्द्र परमार और डॉ जयदीप सिसोदिया ने मिलकर सफल ऑपरेशन किया। युवक को फैट अधिक होने के व अपेंडिक्स बड़ा होने के कारण अपेंडिक्स लीवर के पीछे चला गया था। परन्तु डॉक्टरों टीम ने सफलता पूर्वक युवक का सफल ऑपरेशन किया। बता दें कि सिविल अस्पताल मे 10 नए डॉक्टरों की नियुक्ति से मरीजों को इलाज के लिए परेशान नहीं होना

पर्सनालिटी डेवलपमेंट का दिया प्रशिक्षण

सीहोर।प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस सीहोर मे स्वामी विवेकानंद केरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा विद्यार्थियों को 30 दिवसीय इंग्लिश स्पोकन, सॉफ्ट स्किल एवं पर्सनालिटी डेवलपमेंट पर निशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एमजीबीएस उन्नति फाउंडेशन बंगलुरु, स्वामी विवेकानंद केरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं उच्च

स्नान दान अमावस्या नीलकंठघाटपर उमड़े श्रद्धालु, सुख-समृद्धि और खुशहाली की

नर्मदा में श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी, 9 किमी की यात्रा कर घाट पहुंचे

डीआर संवाददाता›› सीहोर

शनिवार को तहसील क्षेत्र का प्रसिद्ध नर्मदा घाट नीलकंठ मे भक्तो का जन सैलाब उमड़ा। लोग पैदल यात्रा कर हजारो की संख्या - मे पहुचे। जिले के अंतर्गत आने वाली तहसील भैरुंदा से 9 - किलोमीटर दूर मां नर्मदा का प्रमुख - घाट नीलकंठ है, जहा शिव भक्त पहुचते।

महीने मे एक बार आने वाली अमावस्या पर हजारो की तादाद मे श्रद्धालु नर्मदा मे स्नान कर भगवान शिव की पूजा कर परिवार के लिए सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हैं। नीलकंठ पर राजराजेश्वरी नर्मदा उत्तरायण मे बहती हुई आती है। यही पर कौशल्या नदी नर्मदा मे मिलती है। इस स्थान को नर्मदा कौशल्या संगम नाम से भी जाना जाता है। यहा स्वयंभू नीलकंठेश्वर महादेव शिवलिंग के रूप मे विराजमान हैं।

सुबह चार बजे से ही पैदल चलकर भजन गाते हुए घाट पर पहुंची महिलाएं

नर्मदा घाट नीलकंठ मे साल भर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रहती है, जिसमे नगर व ग्रामीण क्षेत्र की महिलाए और पुरुष बड़ी संख्या मे पहुचते है। सुबह चार बजे से ही पैदल जाने वाली महिलाए भजन करते हुए नीलकंठ पहुची। उसके बाद सुबह नर्मदा मे स्नान कर शिवलिंग रुप मे विराजमान महादेव की पूजा की। पूजा के बाद भगवान से परिवार के खुशहाली की कामना की। इस दौरान सुबह से लेकर शाम के सात बजे तक श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। बताया जाता है कि अमावस्या के पावन पर्व पर जो भी श्रद्धालु गंगा-जमुना-नर्मदा मे स्नान दान करता है। उसे विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है।

कचरा होने से घाट पर हो रही गंदगी

नर्मदा घाट नीलकंठ पर श्रद्धालुओं की भीड़ के चलते ग्राम पंचायत के कर्मचारियों सहित चौकीदार, पटवारी, पुलिसकर्मी दिनभर लोगों की सुरक्षा मे नर्मदा तट पर मौजूद रहे। हालांकि घाट पर सफाई की व्यवस्था सही नहीं है। कई जगह कचरा होने से गंदगी हो रही है।

कुबेरेश्वर धाम हादसे पर पुलिस से कोर्ट में रिपोर्ट तलब

डीआर संवाददाता›› सीहोर

सीहोर जिला न्यायालय ने शनिवार को कुबेरेश्वर धाम मे हुई 7 लोगों की मौत के मामले मे मंडी थाना पुलिस से जाच प्रतिवेदन मांगा है। इंदौर के एडवोकेट प्रकाश यादव ने न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी सीहोर की अदालत मे याचिका दायर की है।

कुबेरेश्वर धाम सीहोर जिला मुख्यालय से 11 किलोमीटर दूर स्थित है। यहां पंडित प्रदीप मिश्रा नियमित रूप से धार्मिक कार्यक्रम करवाते हैं। इस महीने आयोजित कार्यक्रम मे सीवन नदी से कुबेरेश्वर धाम तक कावड़ यात्रा निकाली गई थी। यात्रा के दौरान तीन दिनों मे विभिन्न कारणों से 7 लोगों की मौत हो गई थी।

कुबेरेश्वर धाम मामले मे वकील ने कोर्ट के आदेश की प्रति मंडी थाना पुलिस को सौंपी।

कुबेरेश्वर धाम मामले मे वकील ने कोर्ट के आदेश की प्रति मंडी थाना पुलिस को सौंपी।

कार्रवाई न होने पर कोर्ट का दरवाजा खटखटाया

एडवोकेट यादव ने पहले मंडी थाना पुलिस मे शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने केवल डीजे संचालकों पर मामला दर्ज किया था। कोई अन्य कार्रवाई न होने पर उन्होंने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। याचिका मे पंडित प्रदीप मिश्रा औरविट्ठलेश सेवा समिति को विभिन्न धाराओं मे आरोपी बनाने की मांग की गई है।

याचिकाकर्ता का कहना है कि धाम मे आयोजित कार्यक्रमों मे भगदड़ और धक्का-मुक्की की घटनाएं होती रहती हैं। भोपाल-इंदौर हाईवे पर कई किलोमीटर लंबा जाम लग जाता है। कोर्ट मे मामले की अगली सुनवाई 13 सितंबर को होगी।

सिविल हॉस्पिटल में हुआ टिपिकल अपेंडिक्साइट्स का ऑपरेशन

डीआर संवाददाता›आष्टा

आष्टा नगर का सिविल अस्पताल जो आए दिन अपनी अव्यवस्थाओं के चलते सुर्खियों मे बना रहता है। वही अब युवा डॉक्टरों की नियुक्ति होने के साथ ही सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहे हैं। जहां शनिवार को एक व्यक्ति का अपेंडिक्साइट्स ऑपरेशन सफलता पूर्वक किया गया। सिविल हॉस्पिटल मे संतोष दमाडिया का सफलता पूर्वक अपेंडिक्स का ऑपरेशन किया गया। युवक 3 अस्पतालों से निराश होकर सिविल अस्पताल आष्टा मे आया था। जब

पता चला कि युवक को अपेंडिक्स है तो डॉ अमित माथुर मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी की टीम जिसमे डॉ भूपेन्द्र परमार और डॉ जयदीप सिसोदिया ने मिलकर सफल ऑपरेशन किया। युवक को फैट अधिक होने के व अपेंडिक्स बड़ा होने के कारण अपेंडिक्स लीवर के पीछे चला गया था। परन्तु डॉक्टरों टीम ने सफलता पूर्वक युवक का सफल ऑपरेशन किया। बता दें कि सिविल अस्पताल मे 10 नए डॉक्टरों की नियुक्ति से मरीजों को इलाज के लिए परेशान नहीं होना

न्यायालय परिसर में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया

आष्टा। प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक से सेवा प्राधिकरण सीहोर के निर्देशन मे विजय डांगी जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा ने समिति के द्वारा न्यायालय प्रांगण आष्टा मे विधिक साक्षरता शिविर के अंतर्गत स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया। शनिवार को आयोजित शिविर मे 1 120 लोगों के ब्लड प्रेशर, शुगर न व 20 लोगों का रक्त परीक्षण किया गया। न्यायाधीश श्री डांगी ने कहा कि सभी को अपने स्वास्थ्य संबंधी परीक्षण व डॉक्टर का परामर्श समय समय पर लेना चाहिए। इस अवसर पर न्यायाधीश नदीम जावेद खान, न्यायाधीश ऋचा जैन, न्यायाधीश ऋचा शर्मा व

तप-पुरुषार्थ करने वाला ही ईश्वर ,पा पाने का अधिकारी होता है , आचार्य

डीआर संवाददाता›सीहोर

तप-पुरुषार्थ करने वाला ही ईश्वर कृपा पाने का अधिकारी होता है। आलसी व्यक्ति ईश्वर आज्ञा का उल्लंघन करता है। ज्ञान मुक्ति का साधन है, जबकि दुखो का मूल कारण अज्ञान है। भूगोल शब्द वेदो से आया है, अन्य मतो मे विज्ञान विरुद्ध बाते है, वेद अपुरुषेय है। यह विचार महर्षि दयानंद मार्ग गंज स्थित आर्यसमाज मंदिर मे जारी वेदकथा के

दौरान बिजनौर उप्र से पधारे वैदिक विद्वान आचार्य विष्णुमित्र वेदार्थी ने व्यक्त किए।उन्होंने कहा कि गायत्री को गुरु, सविता व महामंत्र भी कहा जाता है। इसके अर्थ मे हमें पापो से छुड़ाने व बुद्धियो को प्रकाशित करने की ईश्वर से प्रार्थना की गई है। आचार्य वेदार्थी ने कहा कि इतिहास से विभिन्न मजहब मत सम्प्रदाय से उनके प्रवर्तको को हटा दिया जाए, तो वह धराशायी हो जाएंगे, लेकिन सनातन वैदिक धर्म-संस्कृति किसी व्यक्ति पर आधारित नहीं है। मनुष्य के जीवन से धर्म निकल जाने से वह पशु तुल्य रह जाता है। मोक्ष का अर्थ दुखो, जन्म-मरण के बंधन से मुक्ति है। सर्वज्ञ ईश्वर कभी मनुष्य की परीक्षा नहीं लेता है।

गीतो व भजनो की संगीतमय प्रस्तुतियां दी वेद प्रचार सप्ताह का समापन रविवार को गंज स्थित राठौर धर्मशाला मे सुबह 8 बजे वृहद यज्ञ मे शामिल 101 जोड़ो द्वारा प्रदत्त पूर्णाहुति से दोपहर 12 बजे होगा।

असमंजस रू बिलकिसगंज जोड़ पर कई घर और दुकान फोरलेन रोड निर्माण की जद में

डीआर संवाददाता›बिलकिसगंज

बिलकिसगंज फोरलेन रोड निर्माण कार्य तेज गति से जारी है। जिसके चलते बिलकिस गंज जोड़ पर पेट्रोल पंप से खेड़ली जोड़ तक स्थित दुकानदारों व मकान मालिकों को बीते दिन लाउड स्पीकर के माध्यम से शासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की सूचना व चेतावनी दी गई थी।

इसके बाद विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए लोगो ने स्वेच्छा से अपने-अपने घरो और दुकानो के सामने बनाए शेड, ओटले, सीढ़ी आदि को स्वंय हटाना शुरू कर दिया है। सड़क निर्माण एजेंसी द्वारा

सड़क के बीच से दोनो ओर की दूरी नाप कर निशान लगा दिया गया था। इस निशान के चलते रोड के अलावा अधिकांश लोगो के पक्के निर्माण भी तोड़फोड़ की जद मे आ रहे है। वशीर खान ने बताया कि सड़क की वास्तविक चौड़ाई व फाइनल दूरी ज्ञात नहीं होने के कारण कई लोगो मे असमंजस की स्थिति बनी हुई है। ऐसी स्थिति मे प्रभावित लोगो को स्थिति स्पष्ट करना आवश्यक है, ताकि वे खुद अपने पक्के निर्माण पर सावधानी से तोड़फोड़ कर सके। इस दिशा मे ग्रामीणो द्वारा स्थिति स्पष्ट करने की गुहार लगाई जा रही है।

शिक्षा अधिकारी ने विद्यार्थियों को कहानी सुनाई

डीआर संवाददाता› अकोदिया

अकोदिया के शासकीय एकीकृत कन्या माध्यमिक स्कूल मे राज्य शिक्षा केंद्र और रूम टू रीड संस्था के संयुक्त देखरेख मे रीडिंग कैंपेन का आयोजन किया गया। शनिवार दोपहर को आयोजित कार्यक्रम मे विकासखंड शिक्षा अधिकारी पुष्पेंद्र ससल्या ने विद्यार्थियों को चूहेजी भूले चतुराई कहानी सुनाई। कहानी सुनाने से पहले बच्चों को नए शब्दो के अर्थ समझाए। कहानी के बाद बच्चों से प्रश्न पूछे गए। बच्चो ने उत्साह से सभी प्रश्नों का उत्तर दिया। रीडिंग कैंपेन का उद्देश्य बच्चों मे भाषा और कल्पनाशक्ति बढ़ाना था। शुजालपुर बीआरसी सुरेंद्र गोखले ने बच्चों को नियमित रूप से कहानी पढ़ने और सुनने

की सलाह दी।

उन्होंने बताया कि इससे भाषा कौशल, कल्पनाशक्ति और तर्कशक्ति का विकास होता है। कार्यक्रम मे रीडिंग वेन चलित पुस्तकालय की सुविधा भी बच्चों को दी गई। स्कूल के शिक्षक, समुदाय के सदस्य और पेरेंट्स भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम मे मिशन अंकुर से अभिषेक चतुर्वेदी, विकास खंड सक्षरता समन्वयक मनराज परमार, जनशिक्षक महेश चंद्र परमार, महेश बामनिया, संजय देशमुख और प्रधानाध्यापिका उषा यादव सहित अन्य शिक्षक व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आक्रोश : खाद-यूरिया की किल्लत को लेकर एकजुट हुए किसान, सौंपा ज्ञापन

समस्याएं लेकर पहुंचे किसानों को नहीं मिले विधायक, आंदोलन की चेतावनी दी

डीआर संवाददाता›बुधनी

बुधनी विधानसभा क्षेत्र मे किसानों की समस्याएं लगातार गहराती जा रही हैं। शनिवार को शाहगंज मे किसान खाद-यूरिया की किल्लत को लेकर एकजुट हुए और प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने कहा कि सरकार और जनप्रतिनिधि उनकी समस्याओं से मुंह मोड़ रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष किसान कांग्रेस धर्मेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि

यूरिया को लेकर नारेबाजी कर ज्ञापन सौंपते हुए किसान।

वर्तमान सरकार किसानों को राहत देने मे पूरी तरह विफल हो चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि बाजार मे खुलेआम यूरिया 500 रुपए और खाद 1700 रुपए मे बिक रही है, जो किसानों से लूट है। यह सब प्रशासनिक मिलीभगत और भ्रष्टाचार का परिणाम है।

नदारद मिले विधायक

उन्होंने कहा कि जिन नेताओं को किसानों की सेवा का जिम्मा दिया गया था, वे आज उनकी जेबें काट रहे हैं। इससे पहले किसान विधायक रमाकांत भार्गव के शाहगंज निवास पर अपनी समस्याएं लेकर पहुचे थे। किसानों को उम्मीद थी कि विधायक उनसे आमने-सामने बातचीत करेंगे, लेकिन वे अचानक नदारद हो गए।इससे लेकर किसानों और कांग्रेस नेताओं मे गहरा आक्रोश व्यक्त किया।

किसानों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही खाद-यूरिया की उपलब्धता और समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।

कालाबाजारी करने वालों पर कार्यवाही की मांग की

किसानों ने कहा कि बाजार में खुलेआम ऊंचे दामों पर खाद बिक रहा है। जबकि समितियों मे खाद नहीं है। ये कैसे हो सकता है। उन्होंने मांग की कि इसकी जांच कराई जाए और कालाबाजारी करने वालों पर कार्यवाही करते हुए उनका लाइसेंस निरस्त किया जाए।

प्रभावितों ने स्थिति स्पष्ट करने की मांग की

डीआर संवाददाता›बिलकिसगंज

फोरलेन रोड निर्माण कार्य तेज गति से जारी है। जिसके चलते बिलकिस गंज जोड़ पर पेट्रोल पंप से खेड़ली जोड़ तक स्थित दुकानदारों व मकान मालिकों को बीते दिन लाउड स्पीकर के माध्यम से शासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की सूचना व चेतावनी दी गई थी। इसके बाद विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए लोगों ने स्वेच्छा से अपने-अपने घरो और दुकानोसामान हटाते ग्रामीण। के सामने बनाए शेड, ओटले, सीढ़ी आदि को स्वयं हटाना शुरूकर दिया है। सड़क निर्माण एजेंसी द्वारा सड़क के बीच से दोनो ओरकी दूरी नाप कर निशान लगा दिया गया था। इस निशान के चलते रोड के अलावा अधिकांश लोगों के पक्के निर्माण भी तोड़फोड़ की जद मे आ रहे है। बशीर खान ने बताया कि सड़क की वास्तविक चौड़ाई व फाइनल दूरी ज्ञात नहीं होने के कारण कई लोगो मे असमंजस की स्थिति बनी हुई है। ऐसी स्थिति मे प्रभावित लोगो को स्थिति स्पष्ट करना आवश्यक है, ताकि वे खुद अपने पक्के निर्माण पर सावधानी से तोड़फोड़ कर सके। इस दिशा मे ग्रामीणो द्वारा स्थिति स्पष्ट करने की गुहार

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ भाद्रपद शुक्ल पक्ष-प्रतिपदा,2082 विदिशा, दिन रविवार,दिनांक 24 अगस्त 2025

न्यूज गैलरी

साहित्यिक मेले में आज

विदिशा। रवींद्रनाथ टैगोर सांस्कृतिक भवन विदिशा में आयोजित पुस्तक मेले में 24 अगस्त की शाम 5 बजे से साहित्यिक परिचर्चा का आयोजन किया जाएगा। परिचर्चा का विषय है– भारतीय साहित्य के मूल्य। इस विषय पर साहित्य से जुड़े विचारक अपने विचार रखेंगे। परिचर्चा में भाग लेने वाले वक्ता है– डॉ ब्रह्मदीप अलूने, डॉ संजीव जैन, डॉ वनिता बाजपेयी।

आकांक्षा हाट मेला शुरू, पहले दिन 450 लोग पहुंचे

विदिशा। नीति आयोग के आकांक्षी हाट मेले मेले की की शुरुआत शु शनिवार शनिवार को व रवींद्रनाथ टैगोर ऑडिटोरियम में हुई। विधायक मुकेश टंडन, जिला पंचायत अध्यक्ष गीता रघुवंशी, माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय के कुलपति विजय मनोहर तिवारी और कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों

308 धावकों ने कराया

विदिशा। नशामुक्त समाज की दिशा में लोगों को जागरूक करने रविवार को विदिशा जिला मुख्यालय पर मैराथन का आयोजन किया जाएगा। सुबह 6 बजे दौड़ आरटीओ कार्यालय से शुरू होकर उदयगिरी होते हुए पुनः आरटीओ कार्यालय की मौजूदगी में कार्यक्रम शुरू हुआ। मेला देखा। आयोजन के सफल संचालन में अजय सिंह सकवार और नीति आयोग की सहयोगी संस्था बचपन बचाओ आंदोलन के सुमित कुमार की अहम भूमिका रही। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने कहा कि आकांक्षी कार्यक्रम का मकसद स्थानीय उत्पादों और हुनर को बढ़ावा देना है।

पंजीयन, दौड़ आज

विदिशा। विभाग के उप संचालक एवं जिला पंचायत के अतिरिक्त सीईओ पंकज जैन ने बताया कि ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया में 308 धावकों ने भागीदारी दर्ज कराई है। इनमें 250 पुरुष और 58 महिलाएं शामिल हैं।

बालिकाओं को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के टिप्स दिए

विदिशा। सशक्त वाहिनी क्लास मैअधिकारी विनीता लोढ़ा और सहायक संचालक विवेक शर्मा ने छात्राओं का मार्गदर्शन किया। विनीता लोढ़ा ने छात्राओं को रोज समाचार पत्र पढ़ने की सलाह दी। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रेरित किया। विवेक शर्मा ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही अच्छा दिमाग विकसित होता है। इसलिए पढ़ाई के साथ खानपान पर ध्यान देना जरूरी है। उन्होंने गुरु जैसी पौष्टिक चीजें खाने की सलाह दी। संरक्षण अधिकारी अनुज जैन ने रीजनिंग और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से जुड़ी टिप्स दी। संतोष रघुवंशी ने छात्राओं से नियमित रूप से क्लास में उपस्थित रहने

मास्टर ट्रेनर्स भोपाल में प्रशिक्षित

विदिशा। भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा आदि कर्मयोगी अभियान प्रारंभ किया गया है। शासन के इस महत्वपूर्ण अभियान के उद्धेश्यों तहत जनजातीय समुदाय को सशक्त बनाने हेतु स्थानीय नेतृत्व को विकसित करने ओर प्रशासन को अभी उत्तरदायी बनाने के लिए विदिशा जिले में धरती आबा अभियान तहत चिन्हित 86 ग्रामो में आदि कर्मयोगी अभियान का सफल क्रियान्वयन कराने के उद्धेश्य

जिला प्रशासन व नेशनल बुक न्यास के संयुक्त तत्वावधान में पुस्तक मेला आयोजित

बेहतर जिंदगी के लिए बेहतर रास्ता बताने क काम किताबें करतीं हैं, विजय मनोहर

डीआर संवाददाता ⏭ विदिशा

शनिवार से ऑडिटोरियम में जिला प्रशासन और नेशनल बुक न्यास के तत्वावधान में मेले का शुभारंभ हुआ। आडिटोरियम में आयोजित पुस्तक मेला के शुभारंभकार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के कुलपति विजय मनोहर तिवारी ने पुस्तक मेला को अतिमहत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि बेहतर जिंदगी के लिए बेहतर रास्ता बताने का काम किताबें करती हैं।उन्होंने परम्परा और संस्कृति को समावेश करने वाली किताबों, ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और किताबों को घर की आत्मा बताते हुए कहा कि अध्ययन से हम जीवन की असली यात्रा की ओर आगे बढ़ सकते है। उन्होंने विदिशा जिले की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को रेखांकित करते हुए किताबों के प्रति रुझान कैसे बढ़ा की जानकारियां सांझा कीं। उन्होंने काहा कि लिखने पढ़ने की सीख उन्हें अपनी मां से मिली है। कार्यक्रम को श्रीमती सज्जना ने भी संबोधित किया। विधायक

पुस्तक मेले में ब्रेल लिपि की किताबें निःशुल्क

पुस्तक मेला में दृष्टिबाधित पाठकों के लिए बेललिपि की किताबों के संग्रह का स्टॉल संचालित किया जा रहा है। एनबीटी के ज्वाइंट डायरेक्टर राकेश कुमार यादव ने बताया कि दृष्टिबाधित पाठकों को बेललिपि की किताबें नि शुल्क प्रदाय की जा रही है। विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि संपूर्ण दुनिया को किताबों की मदद से जाना जा सकता है। संस्कृति, इतिहास हरेक परिस्थितियों को किताबें समावेश करती है। उन्होंने आने वाली पीढ़ी के लिए किताबों की महत्वता को रेखांकित करते हुए कहा कि ज्ञान की निरंतर बढ़ता है। पुस्तकों का ज्ञान कभी व्यर्थ नही जाता। अध्ययन कर हम गौरव पूर्ण इतिहास को स्थापित कर सकते है। उन्होंने पुस्तक मेला आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विदिशा जिले में इस प्रकार का आयोजन अपने आप आधारित 13 प्रकार की पुस्तके स्टॉल में उपलब्ध है। इच्छुक दृष्टिबाधित जो पढ़ने के शौकीन है वे इन किताबों को निशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा स्टॉल में रेडियो के माध्यम से कैसे सुने की भी जानकारी दृष्टियबहितों को सुगमता से दी जा रही है। स्वर्णिम अवसर को प्रतिपादित कर रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने कहा कि अध्ययन से ज्ञान बढ़ता है। पुस्तकें वैचारिक बदलाव की केंद्र बिन्दु हैं। अध्ययन से हम तथ्यात्मक तर्कपूर्ण सत्य की प्राप्ति कर सकते हैं। उन्होंने किताबों को जीवन का अभिन्न अंग बताया।

नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने पुस्तक मेला की महत्वता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि अनेक प्रकार की किताबें हमें एक ही स्थल पर सुगमता से क्रय करने का अवसर कुलपति बोले ऐसा मेला हर साल लगना चाहिए

कलेक्टर अंशुल खुपता ने बताया कि यह आयोजन मुख्यमंत्री के निर्देश पर किया जा रहा है। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कुलपति विजय मनोहर तिवारी ने इसे जिला प्रशासन की सराहनीय पहल बताया और सुझाव दिया कि मिलता है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने पुस्तक मेला के शुभारंभ को संबोधित करते हुए कहा कि बुवा पीढ़ी का ध्यान किताबों की ओर बढ़े। आने वाले दो तीन वर्षों में सोशल मीडिया के क्षेत्र में होने वाले नवाचारों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि किताबों से जो ज्ञान प्राप्त होता है। वह स्थायी और सत्यता का प्रतीक है।

उन्होंने नेशनल बुक ट्रस्ट के द्वारा विदिशा में पुस्तक मेला आयोजित करने के प्रति धन्यवाद देते हुए कहा कि पुस्तक मेला में पाठकों की आवश्यकता व इसे हर साल आयेजित किया जाना चाहिए। यह पुस्तक मेला विदिशा के लिए ज्ञान और संस्कृति का उत्सव बल गया है। आयोजको का मानना है कि यह प्रवास लोगों को किताबों से जोड़ने और पठन-पाठन की संस्कृति को प्रोत्साहन देने में महत्वपूर्ण साबित होगा।

अभिरुचि के अनुसार उच्च क्वालिटी लेखनी की किताबें सुगमता से प्राप्त हो रही है। कलेक्टर श्री गुप्ता ने जिले के सभी नागरिकों से आव्हान किया है कि पुस्तक मेला के इस अवसर का अधिक से अधिक दोहन करें और मन माफिक लेखक की किताबें सुगमता से क्रय करें। मेले में देशभर के प्रतिष्ठित प्रकाशकों की पुस्तके प्रदर्शित की गई।

भाइयों के विवाद में पहुंची पुलिस पर महिलाओं ने लगाया मारपीट का आरोप

डीआर संवाददाता ⏭ लटेरी

लटेरी. नगर के पांडा पूरा मोहल्ले में भाइयों के विवाद को सुलझाने गई पुलिस खुद ही आरोपों के घेरे में आ गई। महिलाओं ने एक पुलिसकर्मी पर हाथापाई और थप्पड़ मारने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार रामस्वरूप कुशवाहा अपने बड़े भाई खिलन कुशवाहा से लेनदेन के मामले को लेकर विवाद कर रहा था। विवाद इतना बढ़ा कि छोटे भाई ने बड़े भाई की जमकर पिटाई कर दी। परिजनों पुलिस को सूचना दे दी।

पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को थाने ले जाने लगी। इसी दौरान रामस्वरूप के घर की महिलाएं पुलिस को रोकने लगीं। महिलाओं का कहना था कि यह घर का मामला है, जिसे वह आपस में निपटा लेंगी। इसी बीच महिलाओं ने आरोप लगाया कि एक पुलिसकर्मी ने उनसे धक्का-मुक्की की और एक महिला को थप्पड़ भी जड़ दिया।

घटना के बाद महिलाओं ने पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस मामले में एएसपी प्रशांत चौबे का कहना कि घटना से जुड़ी एक वीडियो वायरल हुई है जिसकी जांच कराई जा रही है। प्रधान आरक्षक समंदरसिंह यादव को लाइन हाजिर किया गया है। विधिवत जांच के बाद दोषियों पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

डॉक्टरों से आग्रह, पॉक्सो मामलों को संवेदनशीलता से हैंडल करें

डीआर संवाददाता ⏭ विदिशा

विदिशा अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा महाविद्यालय के फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग ने शनिवार को मेडिकोलीगल अपडेट कार्यशाला आयोजित की। मुख्य अतिथि किशोर न्यायालय की मुख्य न्यायाधीश शिवांगी श्रीवास्तव ने पॉक्सो मामलों की प्रक्रिया और न्यायालयीन कार्यवाही की जानकारी दी। उन्होंने चिकित्सकों से आग्रह किया कि ऐसे मामलों को संवेदनशीलता से हैंडल करें। विभागाध्यक्ष डॉ. नरेंद्र सिंह पटेल ने बताया कि इस कार्यशाला में विदिशा सहित रायसेन, सागर, गुना, शिवपुरी, सीहोर, बैतूल, अशोकनगर, जबलपुर, ग्वालियर, नर्मदापुरम, दिल्ली, बिहम, उत्तर प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु और तेलंगाना से 200 चिकित्सक शामिल हुए।

कार्यशाला में कोटा मेडिकल कॉलेज के डॉ. अशोक मूंदरा ने दुष्कर्म मामलों में चिकित्सकीय परीक्षण, सबूत संरक्षण, और सावधानियों पर प्रकाश डाला। एएस भोपाल की डॉ. श्वेता पटेल ने दुष्कर्म पीड़िताओं के परीक्षण की प्रक्रिया बताई। एनेस्थीसिया विभाग ने इमरजेंसी में इंटुबेशन तकनीक सिखाई। इसके अलावा, डॉ. राघवेंद्र कुमार (एम्स भोपाल) ने मृत्यु के कारण और रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया समझाई। डॉ. आशीष जैन (गांधी मेडिकल कॉलेज) ने इंजरी रिपोर्ट और मेडलीपर सॉफ्टवेयर पर जानकारी दी।

23 से 29 अगस्त तक रविंद्रनाथ टैगोर सांस्कृतिक ऑडिटोरियम में आयोजन

डीआर संवाददाता ⏭ विदिशा

विदिशा में पहली बार राष्ट्रीय पुस्तक न्यास (छठज) के तत्वाधान में सात दिवसीय पुस्तक मेला शुरू हुआ। देशभर से 40 से अधिक प्रकाशक और लेखक भाग ले रहे हैं। बच्चों के लिए कॉमिक्स, युवाओं के लिए फिक्शन-नॉन फिक्शन व सेल्फ-हेल्प, भारतीय भाषाओं में साहित्य व संस्कृति की किताबें और दृष्टिबाधितों के लिए ब्रेल पुस्तकें उपलब्ध हैं।

सुबह बच्चों के रचनात्मक कार्यक्रम और शाम को सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। देशभक्ति गीत, वाद-विवाद, क्विज और विदिशा की धरोहर पर चर्चा इसका हिस्सा हैं। स्थानीय लेखकों को मंच देने के लिए "अथॉरिटी ऑफ विदिशा" का स्टॉल लगाया गया है।कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने इसे मुख्यमंत्री की पहल बताया। कुलगुरु विजय मनोहर ने सुझाव दिया कि ऐसा मेला हर साल होना चाहिए। आयोजक इसे ज्ञान और संस्कृति का उत्सव मान रहे है।

विदिशा जिले में मानसून की बारिश जारी

डीआर संवाददाता ⏭ विदिशा

विदिशा जिले में मानसून की बारिश जारी है। शनिवार को विदिशा शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में बूंदाबांदी हुई। लटेरी में एक घंटे तक तेज बारिश से भैया जी कॉलोनी में जलभराव हो गया। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

जिले में अब तक 931 मिमी बारिश दर्ज की गई है। यह सालाना औसत 1075 मिमी का 85 प्रतिशत है। औसत तक पहुंचने के लिए मात्र 134 मिमी बारिश की आवश्यकता है। मौसम विभाग के अनुसार अगस्त और सितंबर में औसत से अधिक बारिश की संभावना है।बारिश से किसानों को राहत मिली है। धान की फसल को लाभ होगा। हालांकि सोयाबीन को नुकसान की आशंका है। कृषि विभाग ने किसानों को खेतों में जल निकासी की व्यवस्था करने की सलाह दी है।

जिले में खरीफ का कुल रकबा 5.17 लाख हेक्टेयर है। इसमें 3.13 लाख हेक्टेयर में सोयाबीन, 75 हजार हेक्टेयर में मक्का, 27 हजार हेक्टेयर में उडद, 3 हजार हेक्टेयर में मूंग और 600 हेक्टेयर में अरहर की बुवाई की गई है।सम्राट अशोक सागर (हलाली डैम) का जलस्तर 458.95 मीटर दर्ज किया गया है। डैम 84.94 प्रतिशत तक भर चुका है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएस तोमर के अनुसार आगामी चार दिनों तक रुक-रुककर बारिश जारी रहेगी।

भर्ती रैली: तीसरे दिन पांढुर्ना, हरदा, गुना और राजगढ़ के 688 युवकों को बुलाया

डीआर संवाददाता ⏭ विदिशा

शनिवार को अग्निवीर भर्ती रैली का तीसरा दिन था। तीसरे दिन की दौड़ के लिए पांढुर्ना, हरदा, गुना और राजगढ़ के 688 युवाओं को बुलाया गया है।

यह दौड़ रात में 12.15 बजे के बाद रखी गई है। इससे पहले दूसरे दिन की दौड़ में छिंदवाड़ा, फना और नरसिंहपुर के 755 युवाओं को बुलाया गया था। इसमें से 662 युवा दौड़ के लिए मौके पर रिपोर्ट करने आए थे। 662 में से 412 युवक रनिंग पास हुए हैं। 250 युवक रनिंग में फेल होने के कारण आइद हो गए। नियमानुसार सभी दस्तावेजों का वेरिफिकेशन करवाने के लिए कतार में लगे युवक।

युवाओं से 1600 मीटर लंबी रेस करवाई जाती है। इसके लिए निर्धारित 6 मिनट 15 सेकंड का समय दिया जाता है। समयावधि में दौड़ पूरी करने वाले युवाओं को रनिंग पास माना जाता है। है। इस संबंध में आर्मी भर्ती रैली अधिकारी आस्त जयशंकर के बताया कि दूसरे दिन की रनिंग में पास 412 युवाओं का शनिवार को मेडिकल टेस्ट करवाया गया। फिजिकल फिटनेस भी जांची जा रही है।

खेल स्टेडियम में दलदल होने के कारण अग्निवीरों की 1600 मीटर लंबी रेस खेल स्टेडियम से लेकर ईदगाह चौराहा, कलेक्ट्रेट कार्यालय, मेडिकल कॉलेज के कलेक्ट्रेट सामति से होते हुए कास्स खेल स्टेडियम गेट के पास समाप्त हो रही है।

व्यवस्था की दिव्यांगता 80: दिव्यांग छोटू को 600 पेंशन, अब्दुल को वह भी नहीं

पेंशन अधूरी, राशन भी बंद, दिव्यांग परेशान

डीआर संवाददाता ⏭ विदिशा

सिरोंज व्यवस्था की बेरहमी से इस तस्वीर में दिखाई दे रहे दोनों दिव्यांग और उनके परिजन परेशान हैं। आपके बाईं तरफ ट्रायसिकल पर बैठा दिव्यांग 18 वर्षीय छोटू जाटव है, जो ग्राम पथरिया में रहता है। उसके पास दूसरी ट्रायसिकल पर पामाखेड़ी में रहने वाला 9 वर्षीय अब्दुल रहमान है। दोनों बचपन से अज्ञात बीमारी से जूझ रहे हैं। चलना-फिरना तो दूर, कुछ बोल भी नहीं पाते। सिर्फ बिस्तर पर ही लेटे रहते हैं। इनके भूख-प्यास की चिंता भी परिजन को ही करनी पड़ती है, क्योंकि ये भूख लगने पर रोते भी नहीं हैं। फिलहाल ये व्यवस्था की दिव्यांगता से परेशान हैं। 80 प्रतिशत से ज्यादा दिव्यांग होने के बावजूद छोटू को केवल 600 रुपए पेंशन मिलती है। नियमानुसार उसे बहुदिव्यांगता के 1200 रुपए की पेंशन मिलनी चाहिए, जबकि अब्दुल को यो भी नहीं मिलती। पिता मुमताज मियां ने 3 साल पहले दिव्यांगता का प्रमाण

पत्र बनवाया था, लेकिन जिम्मेदारों ने वो भी 50 प्रतिशत दिव्यांगता का ही बनाया। रही-सही कसर अब केवाईसी के नए नियम ने पूरी कर दी। अंगूठा नहीं लगने पर केवाईसी के अभाव में अब इन दोनों को राशन मिलना

भी बंद हो गया है। छोटू के पिता पन्नालाल जाटव ने बताया कि बेटा परियार की जान है। उसकी चिंता हम कर रहे है, लेकिन दुःखत होता है। है जब पात्र होने के बाद भी उसे सुविधा का लाभ नहीं दिया जाता। तब

जिला सभापति प्रतिनिधि बोले- हम इनको पेंशन का हक दिलवाएंगे

दोनों सिरोंज में शनिवार को दिव्यांगों के लिए आयोजित मोपेड और ट्रायसिकल वितरण कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। कार्यक्रम में मौजूद जिला पंचायत में महिला एवं बाल विकास विभाग की सभापति के प्रतिनिधि भगतसिंह रघुवंशी को भास्कर ने इनकी परेशानी से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि हम इनको नियमानुसार पेंशन का हक दिलवाएंगे। राशन को लेकर भास्कर ने खाद्य आपूर्ति अधिकारी एमएस रिजवी से जानकारी ली तो उनका कहना था कि फिलहाल केवाईसी के अभाव में राशन मिलना संभव नहीं है। इस कारण हम कुछ नहीं कर सकते।

चड़ोरिया धाम से मेहगांव तक निकली यात्रा, विजय मंदिर खोलने की रखी मांग

डीआर संवाददाता ⏭ विदिशा

विदिशा में धार्मिक आस्था का एक अनूठा प्रदर्शन देखने को मिला, जहां चिड़ोरिया धाम से मेहगांव धाम तक एक महत्वपूर्ण पदयात्रा का आयोजन किया गया। पीठाधीश्वर पंडित अंशुल शास्त्री के नेतृत्व में निकली इस पदयात्रा का उद्देश्य दो प्रमुख मांगों को उठाना है गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाना और प्राचीन बीजा मंडल विजय मंदिर का ताला खुलवाना।

इस पदयात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, जो डीजे पर बज रहे भजनों की धुन पर नाचते-गाते आगे बढ़ रहे थे। यात्रा मार्ग में कई स्थानों पर स्थानीय लोगों ने पुष्प वर्षा कर और आरती उतारकर पदयात्रियों का भव्य स्वागत किया।

मांगे पूरी नहीं हुई तो आंदोलन करेंगे

पदयात्रा के दौरान पंडित अतुल शास्त्री ने कहा कि वे मेहगांव धाम पहुंचकर हनुमान जी से प्रार्थना करेंगे कि बीजा मंडल विजय मंदिर का ताला जल्द से जल्द खुल जाए। उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

मेहगांव धाम में पदयात्रा के समापन पर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान और कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस पदयात्रा के माध्यम से श्रद्धालुओं ने अपनी धार्मिक आस्था और सामाजिक सरोकार का परिचय दिया। यह पदयात्रा न केवल धार्मिक महत्व रखती है, बल्कि गौ माता के सम्मान और प्राचीन मंदिरों के संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का भी एक प्रयास है।

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहेड़ा, तलेन भाद्रपद शुक्ल पक्ष-प्रतिपदा,2082 राजगढ, दिन रविवार,दिनांक 24 अगस्त 2025

न्यूज गैलरी

बाबा रामदेव जन्मोत्सव पर चल समारोह कल

राजगढ़। लोक देवता बाबा रामदेव के जन्मोत्सव अवसर पर स्थानीय तंवर क्षत्रिय समाज द्वारा कल यानी सोमवार को वृहद आयोजन किया जाएगा। श्री बाबा रामदेव जन्मोत्सव समिति सदस्यों ने बताया कि आयोजन की शुरुआत सुबह 10रु00 बजे रामलीला कॉलोनी स्थित बाबा रामदेव मंदिर पर पूजन अर्चन के साथ होगी, यहां से हजारों समाज सदस्यों की उपस्थिति मे शहर के मुख्य मार्ग से होकर शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभा यात्रा करीब 10 किमी का भ्रमण कर दड जोड़ स्थित रामदेव मंदिर परिसर में संपन्न होगी। यहां महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा।

जहरीले जीव के काटने से महिला की मौत

राजगढ़। कोतवाली थाना क्षेत्र के गांव कलीखेड़ा में जहरीले जीव के काटने से महिला की मौत हो गई। जानकारी अनुसार ग्राम कलीखेड़ा निवासी महिला श्यामबाई पत्नी बाबू मालवीय (35) रात करीब 2रु00 बजे टॉयलेट के लिए गई थी। इसी दौरान किसी जहरीले जीव ने उसे काट लिया। सुबह करीब 10रु00 बजे परिजन उसे मृत अवस्था में लेकर जिला अस्पताल लाए, जहां पुलिस ने मर्ग कायम कर पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। नायब तहसीलदार कमल सिंह चौहान की उपस्थिति मे जिला अस्पताल में पीएम करवाया गया।

आज ब्रह्माकुमारीज का

राजगढ़। ब्रह्माकुमारीज संस्थान द्वारा विश्व बंधुत्व दिवस पर संस्था की पूर्व प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि जी की 18वीं पुण्य स्मृति में रविवार यानी आज बायपास रोड श्री अंजनीलाल धाम मंदिर परिसर मे विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया है। जिला प्रभारी प्रभारी बहन मधु ने बताया कि शिविर में सुबह 9 से शाम 5 बजे तक सरकारी अस्पताल राजगढ़ की टीम द्वारा रक्त संग्रह किया जाएगा। ये रक्त जनकल्याणार्थ जरूरतमंदों को दिया जाएगा। रक्तदाताओं को सम्मान-पत्र व स्मृति उपहार भेंट कर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने समाजसेवा के इस अभियान में अधिक से अधिक लोगों से

घर के बाहर लोडिंग, वाहन चोरी, केस दर्ज

राजगढ़। शहर के मुल्तानपुरा में गुरुवार रात अज्ञात चोरों द्वारा घर के ले ठ स्वी बाहर खड़ी लोडिंग ऑटो चोरी कर गए। देहात पुलिस में अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है। लोडिंग ऑटो मालिक गिर्राज पुत्र दुलीचंद दांगी ने देहात पुलिस को बताया की वह भाड़े का काम करता है। गुरुवार को वह दिन मे लोडिंग ऑटो चलाकर शाम को घर आया था। रात में घर के बाहर लोडिंग वाहन खड़ा कर वह सोने चला गया। सुबह जब घर के बाहर देखा तो वाहन चोरी हो गया था। थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने बताया की मुल्तानपुरा में घर के बाहर खड़ी लोडिंग वाहन चोरी होने की सूचना

छाती में दर्द होने से हुई मृत्यु, मर्ग कायम

अशोकनगर। चंदेरी थाना क्षेत्र के ग्राम विक्रमपुर में 30 वर्षीय व्यक्ति की छाती में दर्द होने से मृत्यु हो गई। राम सिंह पुत्र नैयालाल कुशवाह 55 साल निवासी विक्रमपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मृतक नीरज पुत्र स्व. परमाल कुशवाह की मृत्यु छाती में दर्द होने से हो गई।

शिक्षक बने सिंधिया, बच्चों से पूछे सवाल, आरओ-कंप्यूटर भेंट किए

केंद्रीय मंत्री ने केंद्रीय विद्यालय का विधिवत शुभारंभ किया

डीआर संवाददाता ⏭ अशोकनगर

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शनिवार को शहर में केंद्रीय विद्यालय का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने यहां शिक्षक की तरह बच्चों से गणित और हिंदी के सवाल किए। बच्चों ने उनके जवाब दिए। शुभारंभ अवसर पर सिंधिया ने अपनी ओर से दो आरओ वाटर प्यूरीफायर, 2 कंप्यूटर, संगीत यंत्र, खेल सामग्री और लाइब्रेरी के लिए किताबें भेंट की। उन्होंने बच्चों के साथ ही उनके अभिभावकों से भी बातचीत की। केंद्रीय विद्यालय के लिए 22 वर्षों से मांग की जा रही थी। 4 अगस्त 2025 से यहां कक्षा 1 से 5 तक की पढ़ाई शुरू हो गई है। स्कूल में 196 विद्यार्थी पढ़ रहे हैं। स्कूल के लिए 5 एकड़ भूमि आवंटित है, जिस पर भवन बनाया जाएगा। अभी यह डाइट परिसर में लग रहा है। केंद्रीय मंत्री के स्कूल पहुंचने पर विद्यार्थियों ने उनका बैंड धुन गायन के साथ तिलक लगा और सरस्वती वंदना से स्वागत किया। इस अवसर पर मुंगावली विधायक बृजेंद्र सिंह यादव, चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी, पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी, कलेक्टर आदित्य सिंह, एसपी विनीत कुमार जैन, केन्द्रीय विद्यालय कमिश्नर शाहिदा परवीन सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी और अन्य लोग मौजूद रहे।

अशोकनगर और चंदेरी को दो एंबुलेंस दीं

केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत करने के तहत अपनी सांसद निधि से 50 लाख रुपए की राशि से जिला अस्पताल को 32 लाख रुपए की आधुनिक सुविधाओं से युक्त एंबुलेंस और सिविल अस्पताल चंदेरी को 18 लाख रुपए की बेसिक लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस भेंट की, इसके बाद वे बहादुरपुर पहुंचे, जहां पर उन्होंने बाढ़ प्रभावित लोगों से बात की और उन्हें हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि मुंगावली विधानसभा क्षेत्र में अतिवर्षा व बाढ़ से हुए नुकसान के लिए प्रभावितों को 50 लाख रुपए की राशि प्रदान किया चुकी है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा ग्राम बरखेड़ा जमाल में बाढ़ प्रभावित 321 परिवारों को 3 लाख 12 हजार रुपए की राहत राशि तथा ग्राम गोरा में 196 बाढ़ प्रभावितों को 4 लाख 69 हजार रुपए की राशि का वितरण किया गया। उन्होंने बाढ़ प्रभावितों को खाद्यान्न सामग्री का वितरण भी किया।

मां की हत्या कर बाथरूम की छत पर छिपाया था बेटा गिरफ्तार

डीआर संवाददाता ⏭ नईसराय

मां से रुपए मांग रहे बेटे ने डंडे से मारकर मां की हत्या कर दी थी। हत्या करने में उपयोग किए डंड को सरकारी स्कूल की बाथरूम की छत पर छिपाकर भाग गया था, जिसे पुलिस ने पकड़ लिया और न्यायालय मे पेश किया। थाना प्रभारी पुनीत दीक्षित ने बताया कि नईसराय थाना क्षेत्र के ग्राम अखाई घाट में भगल्ली पुत्र घसीटा आदिवासी अपनी पत्नी भागवती के साथ स्कूल के पास बैठे थे। तभी उनका बेटा शील कुमार आया और रुपए मांगने लगा। पैसे देने से इनकार करने पर बेटे ने अपशब्द बोले, अपने पिता को धक्का दे दिया। पहले पिता के साथ डंडे से मारपीट की जिसके बाद भागवती के सिर में डंडे मारे, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी पुलिस को लगी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई, लेकिन तब तक आरोपी भाग गया था। पुलिस ने आरोपी बेटे पर हत्या का प्रकरण दर्ज किया और उसकी खोजबीन शुरू की। पुलिस ने आरोपी बेटे को 24 घंटे में पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने अपनी मां की हत्या जिस डंडे से की थी उसे उसने सड़क के पास शासकीय स्कूल की बाथरूम में छुपा कर रख दिया था। आरोपी द्वारा बताए स्थान पर आरोपी द्वारा उठाकर देने पर अपराध में प्रयुक्त हथियार को जब्त किया।

बिना परमिट के दौड़ रही थी बस, अनियंत्रित होकर सड़क किनारे उतरी

डीआर संवाददाता ⏭ ब्यावरा

आगरा-मुंबई हाइवे पर गुना रोड पर सुठालिया-ब्यावरा ओवर ब्रिज के पास एक यात्री बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे उतर गई। बस गुना से ब्यावरा आ रही थी। बस में 12 यात्री सवार थे। गनीमत रही की बड़ा हादसा होने से बच गया।

सूचना मिलते ही सिटी थाना प्रभारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और बस को सिटी थाने लाया गया। यहां बता दें, प्रियंका ट्रैवल्स की बस क्रमांक एमपी 33 पी 1886 को राघौगढ़ निवासी ड्राइवर शहीद पुत्र निसार खान गुना से ब्यावरा लेकर आ रहा था। ड्राइवर ने पुलिस को बताया कि ओवर ब्रिज के पास शनिवार सुबह पौने 11 बजे ब्रेकर पर आगे चल रहा कंटेनर अचानक रुक गया। उसी समय एक कार आगे आ गई। ऐसे में कार को बचाने के लिए बस को सड़क से नीचे उतारना पड़ा। हालांकि बस में बैठे किसी भी यात्री को चोट नहीं आई है।

बिना परमिट सड़क पर दौड़ने पर होगी कार्रवाई रू सिटी थाना प्रभारी वीरेंद्र धाकड़ ने बताया कि गुना रोड पर ओवर ब्रिज के पास बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे उत्तर गई थी। बस में बैठे सभी 12 यात्री सुरक्षित है। ड्राइवर और कंडेक्टर को थाने में बैठा लिया है। बस का परमिट खत्म हो गया था। इसके बाद भी बस मालिक द्वारा सड़क पर चलाया जा रहा था। बस को जब्त कर थाने में रखवाया गया है। साथ ही बस सभी कागजात मंगवाए गए है। के यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर बस पर

बैग से 2500 नकदी व 80 हजार के सोने के जेवर चोरी

डीआर संवाददाता ⏭ राजगढ़

राजगढ़ की एक महिला के ब्यावरा स्टैंड पर बस में रखा बैग नगद रुपए और सोने के जेवर रखे चोरी हो गया। बैग में महिला के या रामगढ़ के तिलक मार्ग निवासी प्रिया साहू ने अपने पति अनिल साहू के साथ सिटी थाने में शिकायत की है। महिला ने बताया कि वह 6 अगस्त को ब्यावरा बस स्टैंड पर अपने भाई मोहित साहू के साथ मधुसूदनगढ़ जाने के लिए पाटीदार बस में बैठी थी। बस में मैंने अपने दो बैग रख दिए, जिसमें 2500 रुपए नगद और 80 हजार कीमत के सोने के दो मंगलसूत्र रखे थे। बैग रखने के बाद मेरा भाई भाई नीचे टहलने लगा और मैं बाथरूम चली गई। वापस आकर जब मैंने अपने भाई से बैग के बारे में पूछा तो वह चोरी हो गए थे। अज्ञात चोर बस से बैग चोरी कर ले गया था। बस के साथ आसपास बैग ढूंढा लेकिन कही नहीं मिला। जिसके बाद सिटी पुलिस में मामला दर्ज करवाया है। बैग और सामान का पता नहीं लगने पर सिटी पुलिस में शिका शिकायत की है। सिटी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बस स्टैंड के आसपास के सीसीटीवी की जांच की जा रही है।

श्वानों ने 5 लोगों को काटा, सरकारी अस्पताल में नहीं थे रैबीज इंजेक्शन

डीआर संवाददाता ⏭ तलेन

तलेन नगर में आवारा श्वानों की संख्या लगातार बढ़ रही है। तलेन नगर में आवारा श्वानों की बढ़ती समस्या लोगों के लिए खतरा बनती जा रही है। शुक्रवार को एक पागल श्वान ने मार्ग पर जा रहे चार से पांच लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। नगर में कई स्थानों पर झुंड बनाकर घूम रहे श्वानों से नागरिक भयभीत हैं। घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां रैबीज का इंजेक्शन उपलब्ध नहीं था, जिससे उन्हें शुजालपुर जाकर इलाज करवाना पड़ा। नागरिकों ने प्रशासन से आवारा श्वानों की रोकथाम और समय पर आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की है।

महिला की जिला अस्पताल परिसर में हुई डिलीवरी

डीआर संवाददाता ⏭ अशोकनगर

अशोकनगर के जिला अस्पताल में एक गर्भवती महिला को प्रसव के लिए 8 घंटे तक परेशान होना पड़ा। छीपोन गांव की 34 साल की रामसखी कुशवाहा को शुक्रवार सुबह 11 बजे पति सुनील ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया था।

ये महिला की छठी डिलीवरी थी। प्रसव पीड़ा से कराह रही महिला को नर्सिंग स्टाफ ने सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक केवल यही कहा कि 10 मिनट में प्रसव हो जाएगा। परेशान होकर परिजन महिला को एक निजी अस्पताल ले गए, जहां उसे एक इंजेक्शन लगाया गया।

एंबुलेंस के बीच शॉल की आड़ में प्रसव कराया

इंजेक्शन लगवाने के बाद जब वे जिला अस्पताल वापस आ रहे थे, तभी महिला की प्रसव पीड़ा बढ़ गई। अस्पताल परिसर में ही महिला के साथ आई अटेंडर और एक सफाई कर्मी ने दो एंबुलेंस के बीच शॉल की आड़ में प्रसव कराया। महिला ने एक बेटे को जन्म दिया इस दौरान वहां कोई नर्सिंग स्टाफ मौजूद नहीं था। निजी अस्पताल में इंजेक्शन लगने के मात्र 15 मिनट में प्रसव हो गया, जबकि जिला अस्पताल में 8 घंटे तक कोई देखरेख सही से नहीं की गई। यह घटना जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति को दर्शाती है।

4 लोगों ने युवक से लाठी से की मारपीट

अशोकनगर। ईसागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पचलाना में 4 लोगों ने एक राय होकर लाठी डंडों से मारपीट की। अनुसार रविचंद्र पुत्र राधेश्याम लोधी 28 साल निवासी पचलाना ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि सीताराम लोधी, हरिचरण लोधी, सुजान सिंह लोधी, अनिल लोधी ने अपशब्द कहे और लाठी डंडों से मारपीट की। पुलिस ने शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर लिया।

ई-अटेंडेंस ई-अटेंडेंस नहीं लगाने वाले शिक्षकों पर होगी कार्रवाई

ने शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में , संकुल प्राचार्य को नोटिस जारी होंगे

डीआर संवाददाता ⏭ राजगढ

जिले के जिन स्कूलों में नियमित और अतिथि शिक्षकों द्वारा ई-अटेंडेंस एप के माध्यम से नियमित रूप से उपस्थिति नहीं लगाई जा रही वहां के संकुल प्राचार्य को नोटिस जारी किए जाएगा। यह निर्देश शनिवार को कलेक्टर और मिशन संचालक डा गिरीश मिश्रा ने शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान दिए। बैठक में डीईओ, डीपीसी, सभी ब्लॉक के बीईओ, बीआरसी एवं एपीसी तथा विभागीय कर्मचारियों के साथ उप यंत्री उपस्थित थे। बैठक में एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर आने वाली समस्याओं, हमारे

बैठक में उपस्थित कलेक्टर और शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी।

शिक्षक एप पर शिक्षकों द्वारा लगाई जाने वाली प्रतिदिन उपस्थिति की मॉनिटरिंग की ब्लॉक वार जानकारी ली गई। मंथली ई-अटेंडेंस में कमी होने पर वेतन रोकने के लिए पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए। आगामी सप्ताह में ई अटेंडेंस में अच्छा प्रदर्शन और कमजोर प्रदर्शन करने वाले प्राचार्य की बैठक रखे जाने के निर्देश दिए। सभी बीईओ और डीडीओ को निर्देश दिए गए कि शिक्षक कर्मचारियों के देयक का भुगतान समय पर पूर्ण किया जावे भविष्य में कोई प्रकरण लंबित मिलने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध भी कार्रवाई किए जाने की बात कही। बैठक में सीएम हेलाइन शिकायतों की समीक्षा दौरान 50 दिवस से अधिक लॉ शिकायतों का समाधान किए ज एवं विभाग को इस माह तक श्रेणी में लाए जाने के प्रयास निर्देश कलेक्टर ने दिए। बैठक दौरान कलेक्टर ने जिले की ऐ शालाओं की जानकारी मांगी जि मरम्मत की आवश्यकता है। इन प्रस्ताव डीइओ को पत्र के माध् से भेजे जाने के निर्देश दिए ग शालाओं में एसएमसी गठन का और अशासकीय शालाओं मान्यता, आरटीई सत्या निशुल्क बच्चो से फीस लिए ज आदि के मामलों का सत्यापन का के निर्देश दिए गए।

शनिचरी अमावस्या पर हजारों श्रद्धालु चंदेरी के शनि मंदिर पहुंच

डीआर संवाददाता ⏭ अशोकनगर

अशोकनगर के चंदेरी में प्राचीन शनि मंदिर में शनिचरी अमावस्या पर विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन हुआ। करीब 20 हजार श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। श्रद्धालुओं ने तेल, तिल और धूप-दीप के साथ शनिदेव की पूजा की।

काफी श्रद्धालु एक दिन पहले से ही चंदेरी पहुंचने लगे थे। कुछ श्रद्धालुओं ने पहले बाल दान किया। फिर चुगनू बावड़ी में स्नान किया। सुबह 5 बजे से शुरू हुआ विशेष पूजा-अर्चना का क्रम रात 8 बजे तक चलेगा। श्रद्धालुओं ने तेल से शनिदेव का अभिषेक किया। अनुमान है कि एक दिन में करीब 500 लीटर तेल चढ़ाया गया।

मंदिर के पुजारी के अनुसार यह मंदिर मेदनीय राय राजा के समय का है। मंदिर में नवग्रह के साथ शनिदेव विराजमान हैं। शनिचरी अमावस्या पर दूर-दराज से श्रद्धालु आते हैं।

चुगनू बावड़ी का इस अवसर पर विशेष महत्व है। मान्यता है कि इसके जल से स्नान करने से शनि की बुरी दशा का प्रभाव समाप्त होता है। साढ़ेसाती और शनि की अशुभ दशा से प्रभावित भक्तों को यहां स्नान से लाभ मिलता है। बावड़ी का पानी 10 रुपए प्रति बाल्टी के हिसाब से बेचा जाता है। इस बार पानी अधिक होने से नली के माध्यम से स्नान की व्यवस्था की गई।